53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 26.4°c अधिकतम 33.9 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:51, सूर्यास्त - 6:52 | वर्ष : 53/अंक : 231 शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अक्सर जिन्दगी के सवाल, जिन्दगी के जवाबों से कहीं ज्यादा कठिन होते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कांग्रेस के प्रतिभाशाली युवा नेताओं की उपस्थिति, राहुल गांधी को घबराहट महसूस कराती है : मोदी



दुनिया का दस्तूर यही है और यही सच्चाई भी.. खोटा सिक्का घबराता है खन-खन करते सिक्कों से....

## रामपुर में पानीपत टीम का छापा, भ्रूण का लिंग परीक्षण करते रंगे हाथ पकड़ा देवबंद का युवक

**पोर्टेबल मशीन से भ्रूण लिंग परीक्षण करता था आरोपी अनीस** **टीम ने 10 हजार एवं मशीन समेत पुलिस को सौंपा**

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को पानीपत पीसीपीएनडीटी टीम (हरियाणा) ने मुजफ्फरनगर के रामपुर गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। पूर्व में मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में संदेह था कि यहां अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड की पोर्टेबल मशीन का संचालन किया जा रहा है। टीम की छापेमारी में देवबंद निवासी अनीस अहमद पुत्र खलील अहमद के पास से 10 हजार रुपये नकद, पोर्टेबल मशीन आदि उपकरण के साथ गिरफ्तार करते हुए पुलिस को सौंप दिया गया। गुरूवार को सूचना के आधार पर हरियाणा के पानीपत से टीम छापेमारी करने के लिए डिकाय महिला लेकर पहुंची, जिसने भ्रूण लिंग परीक्षण के लिए आरोपी को मांगी फीस 35 हजार रुपये दी, जिसके बाद में हरियाणा की पीसीपीएनडीटी टीम ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। हरियाणा से पहुंची टीम में पानीपत के पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. अभय बतस, डॉ. ललित कुंदू, डॉ. ज्योति, महिला चिकित्साधिकारी, सिविल सर्जन कार्यालय पानीपत हरियाणा के साथ ही मुजफ्फरनगर सीएमओ कार्यालय से एसीएमओ डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. विपिन कुमार, पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी शामिल रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कहीं अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन अथवा भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी गतिविधियों की जानकारी मिले तो तत्काल स्वास्थ्य विभाग अथवा जिला प्रशासन को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। वहीं यह कार्रवाई भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा को रोकने और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।



**इन्होंने कहा-**

सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि भ्रूण लिंग परीक्षण न केवल कानूनी रूप से अपराध है, बल्कि समाज में बेटियों के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा भी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्री-कन्सेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नॉस्टिक टेक्निक्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराते हुए संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

## देहरादून कूच कर रहे किसानों को पुलिस ने लाठियों से खदेड़ा, बहादराबाद टोल प्लाजा पर तीखी नोंक-झोंक

**हरिद्वार, 21 अगस्त (एजेंसी)।** स्मार्ट मीटर को लेकर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले देहरादून कूच कर रहे किसानों को बहादराबाद टोल प्लाजा पर रोकने को लेकर किसानों और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी नोंकझोंक हुयी। पुलिस अधिकारियों के समझाने बुझाने पर भी किसान जाने की जिद पर अड़े रहे और हाईवे पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित किसानों ने ट्रैक्टर ट्राली से पुलिस की ओर से लगायी बैरिकेड्स तोड़ने का भी प्रयास किया। किसानों को हटाने के लिए पुलिस ने उन्हें लाठियों से खदेड़ दिया। करीब दो दर्जन किसानों के घायल होने की खबर है। कुछ पुलिसकर्मियों को भी चोटें आयी है। इधर आक्रोशित किसान मौके पर ही धरने पर डटे हैं। तनाव को देखते हुए मौके पर कई थानों की पुलिस भी तैनात है। स्मार्ट मीटर और बिजली समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले बड़ी संख्या में रुड़की आसपास के किसान टैक्टर ट्राली से देहरादून कूच रहे थे। जैसे ही दोपहर करीब 12 बजे काफिला बहादराबाद टोल प्लाजा पर पहुंचा। पुलिस प्रशासन ने पहले ही बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक रखा था। पुलिस अधिकारियों ने किसानों को शांतिपूर्वक वापास लौटने की अपील की लेकिन किसान पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। किसानों ने हाईवे पर ही धरना शुरू कर दिया। इस दौरान किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों की पुलिस के साथ नोंकझोंक और धक्का मुक्की हो गयी। बताया जा रहा है कि आक्रोशित किसानों ने बैरिकेड्स तोड़ पुलिस पर ट्रैक्टर ट्राली चढ़ाने का प्रयास भी किया। जिस पर पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ीं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं का कहना है कि देहरादून अपनी मांगों को लेकर जा रहे थे। किसानों पर पुलिस की ओर से लाठीचार्ज करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है किसानों पर पड़ी हर एक लाठी का जवाब लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी का कहना है कि आज धामी सरकार ने हमारे 35 आदमी घायल कर दिए। हम अपनी गन्ने की मांग, स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली किसानों को फ्री समेत अनेक मांगों को लेकर देहरादून में प्रदर्शन करने जा रहे थे। यहां बहादराबाद टोल प्लाजा पर काफी लोगों को रोक लिया गया यहां पर उन पर लाठी चार्ज किया गया, जिसमें हमारे लगभग 30-35 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं इनका सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अस्पताल में भी आ गयी कि इनका सही इलाज न हो यह बहुत बड़ा कांड हुआ है।



### जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह आयेंगे सिसौली

**मुजफ्फरनगर।** आगामी 24 तारीख को डिप्टी चीफ मिनिस्टर जम्मू-कश्मीर किसान भवन सिसौली पर पहुंचेंगे। इसी संबंध में भारतीय किसान यूनियन के देवीलाल पुस्तकालय में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चौधरी नरेश टिकैत ने किसानों पर हुई लाठी चार्ज की निंदा की उन्होंने कहा की किसान एक है, संगठित है। लाठी चार्ज के विषय में जो भी फैसला लिया जाएगा वह वहां की किसान कमेटी लेगी। भाकियू नेता गौरव टिकैत ने बताया कि आगामी 24 तारीख को डिप्टी चीफ मिनिस्टर जम्मू कश्मीर सुरेंद्र सिंह सिसौली स्थित किसान भवन पर पहुंचेंगे जिसकी तैयारी के लिए बैठक की गई।

## ड्रोन चैकिंग अभियान से हड़कम्प, 3 ड्रोन बरामद

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** ड्रोन से दहशत फैलाने वालों को सजा मिले या न मिले मगर इसकी सजा बुधवार और गुरूवार को दुकानदारों को भुगतनी पड़ी। दरअसल ड्रोन बेचना दुकानदारों के लिए आम बात हो चली थी और प्रत्येक दुकानदार पहले ही तरह अपनी दुकान में ड्रोन रखे हुए था। अचानक ही नई मण्डी व थाना सिविल लाइन पुलिस ने बाजारों में कार्रवाई करते हुए दुकानदारों पर छापामारी कर अलग-अलग तीन दुकानों से ड्रोन जब्त किये, जिनमें एक ड्रोन राजू खन्ना पुत्र रामलाल खन्ना निवासी थाना सिविल लाइन के प्रतिष्ठान फनबॉडी से बरामद किया वहीं दूसरा ड्रोन शाहिद पुत्र तहसीन निवासी ग्राम बिलासपुर, थाना नई मंडी की दुकान बाम्बे मेकअप बाजार से मिला, जबकि तीसरा ड्रोन नई मण्डी बिंदल बाजार से श्री बालाजी गिफ्ट्स से बरामद किया गया। तीनों ड्रोन को नियमानुसार सीज कर थाना नई मंडी में जमा करा दिया गया। इसी क्रम सिविल लाइंस पुलिस ने एक ड्रोन जब्त किया। नई मण्डी पुलिस की मानें तो बिलासपुर में बीते दो दिन से ड्रोन उड़ाने की अफवाह फैली हुई थी। अफवाहों के चलते लगातार ग्रामीण पहरा दे रहे थे। अफवाहों के बीच कुछ असामाजिक तत्व भी इसी ड्रोन के बहाने माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हुए थे, जिसका संज्ञान लेने के बाद पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।



## मुजफ्फरनगर के प्रेमी-युगल ने चंडीगढ़ में जाकर की आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** तीन दिन पहले घर से गायब हुआ प्रेमी युगल ने चंड़ीगढ़ में की आत्महत्या। मंसूरपुर क्षेत्र के गांव बेगराजपुर के रहने वाले अरशद (21) व किशोरी (17) तीन दिन पहले प्रेम प्रसंग के चलते घर से फरार हो गए थे। पुलिस व परिजन पिछ्ले तीन दिन से दोनों की तलाश कर रहे थे। किशोरी के परिजनों का कहना है कि 18 अगस्त को किशोरी घासीपुरा के एक स्कूल में पढ़ने के लिए गई थी। उसके बाद नहीं लौटी, विभिन्न स्थानों पर परिजनों ने उसकी तलाश की। छात्रा के पिता की तहरीर पर अरशद नाम के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, तभी से दोनों की तलाश जारी थी। बृहस्पतिवार को पुलिस को एकाएक सूचना मिली कि अरशद और छात्रा ने चंडीगढ़ के रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया है, जिससे उनकी मौत हो गयी है। बताया जाता है कि दोनो ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट पर लिखा, जिस पर उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी अंकित किया। इसी आधार पर चंड़ीगढ़ पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया गया। सूचना मिलते ही मंसूरपुर पुलिस और परिजन चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए। मृतक अरशद एक फैक्टरी में मजदूरी करता था तथा किशोरी 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। समाचार लिखे जाने तक प्रेमी युगल के शव गांव नहीं पहुंच पाए थे।



## डायल-112 के सिपाही ने बचाई युवक की जान, एसएसपी ने किया पुरस्कृत

**युवकों की पिटाई के बाद फांसी लगा रहा था युवक**

**मेरठ, 21 अगस्त (एजेंसी)।** कहते हैं कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है। ऐसा ही कुछ मेरठ में देखने को मिला। मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र के कसेरु बक्सर में बुधवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। मौहल्ले के लड़कों से पिटाई और परिजनों द्वारा बात को अनसुना किए जाने से नाराज 20 वर्षीय विशाल ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची डायल-112 की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाई। सिपाही सिद्धांत तोमर ने परिजनों की मदद से कमरे की 4 इंच मोटी दीवार तोड़कर युवक को फंदे से नीचे उतारा और लगातार 10 मिनट तक सीपीआर देकर उसकी सांसें वापस लौटाई। इसके बाद उसे गंगानगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आपको बता दें कि मामला कसेरु बक्सर तालाब के पास रहने वाले मजदूर दौलतराम के परिवार से जुड़ा है। पांच बेटों में सबसे छोटा विशाल भी मजदूरी करता है।

बुधवार दोपहर वह दवा लेने गया था, तभी मौहल्ले के कुछ लड़कों ने किसी बात पर उसकी पिटाई कर दी। घर आने पर उसके कपड़े फटे थे। उसने परिजनों को घटना बताई, लेकिन उन्होंने बाद में बात करने को कहा। इसी बात से आहत होकर विशाल ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। घरवालों ने शोर मचाया और तुरंत डायल-112 पर फोन किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की जान बचाई। परिजनों ने मारपीट करने वाले मौहल्ले के युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समय रहते की गई कार्रवाई से युवक की जान बच गई। मेरठ के एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र कुमार ने बताया कि इस साहसिक और मानवीय कार्य के लिए दोनों पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। युवक की जान बचाने के बाद पीड़ित के परिजनों ने भी पुलिसकर्मियों की जमकर सराहना की।





युवक की जान बचाने वाले सिपाहियों को सम्मानित करते एसएसपी।

## मिड-डे-मील के खाने में कॉकरोच निकलने से बच्चों में हड़कम्प

**चरथावल, 21 अगस्त (बु.)।** ग्राम दूधली स्थित महर्षि दयानंद इंटर कालेज के मिड-डे-मील के खाने में कॉकरोच निकलने से बच्चों में हड़कम्प मच गया। बच्चों द्वारा इसकी शिकायत प्रधानाचार्य व कालेज प्रबंधक से की गयी। प्रधानाचार्य द्वारा इसकी लिखित शिकायत बीईओ से की गई है, जिसके बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। कालेज प्रबंधक सुभाष सिंह ने बताया कि उन्हें कई बार खाने में में कुछ न कुछ निकलने की शिकायत मिल रही थी। इससे पहले खाने में कीड़े भी निकल चुके हैं। इसकी शिकायत भी की गई थी, लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया था। बुधवार को वह सच्चाई जानने कुछ समिति के सदस्यों को साथ लेकर कालेज पहुंच गए। खाना बांटते समय बच्चों ने बताया कि उनके खाने में कुछ है। देखा तो पाया कि खाने के ऊपर ही कॉकरोच मरा पड़ा था। इसे देखकर उन्होंने तुरंत खाने का वितरण रुकवा दिया और मौके पर प्रधानाचार्य सतीश कुमार को बुलवाकर कॉकरोच दिखवाया। खाने में कॉकरोच देखकर प्रधानाचार्य हतप्रभ रह गये। उन्होंने इसकी लिखित



शिकायत बीईओ से की। उन्होंने बताया कि यह खाना उन्होंने सुरक्षित कर लिया। इस खाने की आपूर्ति जनहित कारी सेवा समिति द्वारा की जाती है और इसके इंचार्ज बीईओ कमलेश कुमार है। वहीं ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा है कि यदि इसी तरह खाने की क्वालिटी खराब आती रही, तो वे स्कूल में अपने बच्चों का खाना बंद करवा देंगे। बच्चों की सेहत से कोई खिलवाड़ सहन नहीं होगा। वही बीईओ द्वारा कॉल रिसीव नहीं की गई।

## दवाई लेने के लिए गए किशोर से झोलाछाप डॉक्टर ने दिया कुकर्म की घटना को अंजाम

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लाखों के जेवर की ठगी

**भोपा, 21 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दवाई लेने गए किशोर के साथ झोलाछाप डॉक्टर ने कुकर्म की घटना को अंजाम दे दिया, जिसके बाद आरोपी ने अपने परिवार के लोगों से साथ मिलकर किशोर को उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी दी और उससे घर से चोरी करवाते हुए लाखों रुपए के जेवर ओर नकदी की ठगी कर ली। परिजनों द्वारा पूछताछ करने पर जब मामले का खुलासा हुआ तो किशोर के परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले में कार्रवाई में जुट गई है।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसके गांव का ही एक झोलाछाप डॉक्टर गांव में अपना क्लीनिक चला रहा है। आरोप है कि बीते जनवरी माह में उसका नाबालिग पुत्र झोलाछाप डॉक्टर के पास दवाई लेने के लिए गया था, तभी उक्त झोलाछाप डॉक्टर ने उसके पुत्र को अपने फोन में अश्लील वीडियो दिखाई और उसके साथ क्लिनिक में ही कुकर्म की घटना को अंजाम देते हुए उसकी वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर किशोर को उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा और किशोर को उसके घर से नगदी और जेवर चोरी करके लाने के लिए कहा। हादसे के बाद डरे सहमे किशोर ने आरोपी की बात मान ली और घर से लाखों रुपए के जेवरात आदि चोरी कर आरोपी को ले जाकर दे दिए। किशोर के परिजनों को जब घर से जेवर गायब होने की जानकारी मिली, तो उन्होंने किशोर की निगरानी शुरू कर दी और किशोर को जेवर चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। परिजनों द्वारा पूछताछ करने पर किशोर ने अपने साथ हुई घटना के बारे में परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद किशोर के परिजनों में रोष फैल गया। गुरूवार की देर शाम परिजन किशोर को लेकर भोपा थाने पर पहुंचे और तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### हिन्दूवादी नेता संजय अरोरा के 14 वर्षीय पुत्र के गायब होने से हड़कम्प

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु)।** गुरूवार को देर शाम उस समय नगर में हड़कम्प मच गया जब हिन्दूवादी नेता संजय अरोरा का पुत्र वंश अरोरा शाम 5 बजे से बाजार के लिए निकला और देर रात तक वापस नहीं लौटा। घंटों इधर-उधर तलाशने के बाद संजय अरोरा ने शहर कोतवाली में इसकी सूचना दी तो पुलिस हरकत में आई और सीसीटीवी कैमरों की जांच में जुट गयी। समाचार लिखे जाने तक वंश अरोरा की कोई सूचना नहीं मिल सकी थी। वंश के गायब होने से परिवार के लोगों में बेचैनी दिखाई दी और पूरे लोहिया बाजार के गणमान्य लोग संजय अरोरा के सुपुत्र को ढूंढने में लगे रहे। मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी सूचना देर रात में ही जारी कर दी गयी। देर रात तक संजय अरोरा के घर पर नगर के गणमान्य लोगों का ताता लगा रहा और वंश को ढूंढने के लिए लगातार पुलिस दौड़ती दिखाई दी।



## शाहपुर में पुलिस चौकी के निकट सड़क हादसा, मोटरसाइकिल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल, तीनों को रेफर किया गया

**शाहपुर, 21 अगस्त (बु.)।** कस्बे में पुलिस चौकी के निकट बाइक व ई-रिक्शा की टक्कर में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। कस्बे में बृहस्पतिवार की दोपहर बुढ़ाना की ओर से बाइक का सवार तीन युवकों की टक्कर सामने से आ रही एक ई-रिक्शा से हो गई, जिसमें बाइक सवार व ई-रिक्शा चालक उछलकर सड़क पर गिर गए। गनीमत रही कि हादसे के समय सामने से एक कैंटर आ रहा था। कैंटर के चालक ने यदि समय रहते ब्रेक न लगाए होते तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। हादसे में बाइक सवार व ई-रिक्शा चालक चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि गम्भीर घायलों में बाइक सवार जनपद के गांव लकड़सन्धा निवासी 20-20 वर्षीय विकास, अरुण व अभिषेक के अलावा ई-रिक्शा चालक गांव उमरपुर निवासी सोहनवीर है। चारों गंभीर घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।







शाहपुर में सड़क हादसे में घटना स्थल पर घायल अवस्था में पड़े युवक

## अग्निवीर भर्ती को लेकर जनपद का पुलिस प्रशासन हाईअलर्ट पर, रेलवे स्टेशन पर बम स्क्वाड ने की जांच

**हर जरूरी स्थान पर की जा रही है जांच, पुलिस का बड़ा दस्ता किया गया तैनात**

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु)।** जनपद में अग्निवीर परीक्षा 22 अगस्त से 8 सितंबर तक होगी। इस दौरान हजारों की संख्या में युवा भारतीय सेना में अपना भाग्य आजमाने के लिये मुजफ्फरनगर पहुंचना शुरू हो चुके हैं। ऐसे में सबसे बड़ी चुनौती सुरक्षा की दृष्टि से होती है। परीक्षा के मद्देनजर मुजफ्फरनगर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये हैं। जानकारी के अनुसार सिटी के अंदर ही लगभग 500 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। चाहे नुमाइश कैंप हो या फिर रेलवे स्टेशन या रोडवेज बस अड्डा, हर स्थान पर पुलिस की भारी तैनाती की गई है। आपको बता दें कि 22 अगस्त को गौतमबुद्ध नगर और शामली जनपद के युवक अपना भविष्य आजमायेंगे। ऐसे में पुलिस को हर जगह तैनाती के साथ-साथ आंखें खुली रखकर ध्यान रखना होगा। आपको बता दें कि अग्निवीर भर्ती रैली 22 अगस्त 2025 से चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में शुरू हो रही है। यह भर्ती रैली आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस मेरठ के तहत आने वाले 13 जिलों के अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। इस रिक्रूटमेंट ड्राइव में अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर और शामली जिलों के उम्मीदवार भाग लेंगे।

इस रैली में सिर्फ वही अभ्यर्थी शामिल हो पाएंगे, जिन्होंने 30 जून से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम को पास किया है। ऐसे में पुलिस ने इसी को देखते हुए अपनी गश्त तो बढ़ाई ही है। साथ ही आज मुजफ्फरनगर के रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस की ओर सबसे अत्याधुनिक मैटल डिटेक्टर से रेलवे स्टेशन पर बम स्क्वाड की टीम ने जांच की। साथ ही दिल्ली से देहरादून जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस को भी जांचा। इस दौरान बम स्क्वायड की टीम और सिविल लाइन पुलिस टीम के अधिकारी भी मौजूद रहे। इतना ही नहीं पुलिस की ओर से मौके पर सभी यात्रियों के सामान को जांचा गया। आपको बता दें कि जिस मैटल डिटेक्टर से जांच की गई, वो अत्याधुनिक था। यह मैटल डिटेक्टर 1 मीटर से ज्यादा तक बम या फिर आरडीएक्स थ्रैट को डिटेक्ट कर लेता है। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि पुलिस किसी भी प्रकार का रिस्क लेने के बिल्कुल भी मूड में नहीं है। पुलिस भी जानती है कि अगर हल्की सी भी चूक होती है, तो मामला डिफेंस से जुडा है, जबावदेही भारी पड़ सकती है। इसी तर्ज पर प्रशासन की ओर से रोडवेज बस स्टैंड पर भी इसी टीम ने जांच की। इस दौरान सवारियों के सामान के साथ-साथ लोगों व सभी बसों की भी जांच की गई। अब देखना होगा कि आगे आने वाले दिनों में भी पुलिस इसी तरह सतर्कता से कार्य करती है या नहीं। वैसे प्रशासन भी जानता है कि यहां किसी तरह की कोई चूक माफी योग्य नहीं होगी। बुलेटिन भी यही प्रार्थना करता है कि यह अग्निवीर भर्ती शांतिपूर्ण सफल हो।



वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद के सौजन्य से

शाहपुर में आंखों का निःशुल्क विराट कैम्प

दिनांक : 24 अगस्त 2025, दिन रविवार

समय : प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक

स्थान : श्री राम गोपाल अग्रवाल सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर, शाहपुर, मुजफ्फरनगर



लेंस विधि द्वारा मोतियाबिंद के रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन होगा।

रजिस्ट्रेशन पहले कहीं नहीं होगा, मौके पर ही सुबह 8:30 बजे शुरू किया जायेगा।

आयोजक : गोपाल चेरिटेबल ट्रस्ट

-: कैम्प व्यवस्थापक :-

श्याम पाल (भाई जी) 9719586649

मणिकांत मित्तल 8171025757

अरूण कुमार मित्तल 9412211998

अशोक अग्रवाल 9634559935














देर रात एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह व एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ अग्निवीर आर्मी भर्ती की तैयारियों को परखते हुए ओर जायजा लेते हुए। साथ ही दोनों पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने अग्निवीर आर्मी की भर्ती के लिए आए युवाओं से जानकारी ली। वहीं आज 21/22 की रात 1.30 बजे से शामली ओर गौतमबुद्धनगर के युवा अग्निवीर आर्मी की भर्ती की ट्रेनिंग में सम्मिलित होंगे।

# सेना भर्ती रैली की तैयारी पूर्ण, अग्निवीर आज दिखाएंगे दमखम

## - गौतमबुद्धनगर व शामली के युवा करेंगे आज दौड़ में प्रतिभाग - शनिवार को बिजनौर जनपद के युवाओं को मिलेगा मौका

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जनपद में अग्निवीर भर्ती रैली की सुरक्षा को लेकर जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के मेरठ रोड नुमाईश ग्राउंड में शुक्रवार सुबह से प्रारंभ होने वाली भर्ती प्रक्रिया को लेकर विचार मंथन किया गया। बाद में दोनों अधिकारियों ने टीम के साथ नुमाईश ग्राउंड और उसके आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार को जनपद गौतमबुद्धनगर और शामली के सूचीबद्ध किए 985 अभ्यर्थियों के दौड़ में शामिल होने की संभावना जताई गई है। जिला पंचायत सभागार में संपन्न बैठक में शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों से स्पष्ट रूप से कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद मुख्यालय पर शुक्रवार 22 अगस्त से 08 सितम्बर तक चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली की प्रक्रिया चलेगी। इस भर्ती रैली में भारतीय सेना की ओर से वेस्ट यूपी के 13 जनपदों के 17 हजार के करीब अभ्यर्थी इस बार शामिल होंगे। इस भर्ती रैली में जनपद मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ और बुलंदशहर के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। शनिवार को पड़ोसी जनपद बिजनौर की चार तहसीलों के युवा अग्निवीर भर्ती के लिए जनपद में पहुंचेगे। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली में प्रतिदिन 1000 से 1200 तक अभ्यर्थी भाग लेंगे। उन्होंने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को



निर्देश दिए कि सेना भर्ती रैली में जिन्हें जो भी दायित्व दिए हैं, उनका निर्वहन करते हुए भर्ती प्रक्रिया को निर्विघ्न संपन्न कराए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिनकी ड्यूटी रात्रि एवं दिन में जहां लगी है, वह ड्यूटी पर मौजूद रहें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाएं। साथ ही उन्होंने पेयजल, सफाई, बेरीकेडिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ शौचालय, एंबुलेंस एवं चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था को देखने तथा संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर अपने पास रखने एवं आपस में समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्थाओं को देखने के भी अधीनस्थों को निर्देश दिए। वहीं उन्होंने रेलवे व परिवहन विभाग को पर्याप्त मात्रा में बस संचालन करने एवं अग्निशमन विभाग को रैली स्थल पर किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए समुचित व्यवस्थाओं पर ध्यान रखने के निर्देश दिए। एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि सेना भर्ती रैली में पुलिस की पर्याप्त मात्रा में ड्यूटी लगी है, ऐसे में पुलिस के अधिकारियों के साथ में समन्वय बनाते हुए सेना भर्ती प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराए। उन्होंने इस दौरान समस्त जोनल एवं सैक्टर मजिस्ट्रेट समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बाद में एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार एवं एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने मेरठ रोड नुमाईश ग्राउंड स्थित सेना भर्ती रैली क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और अधीनस्थों को भर्ती में शामिल होने आने वाले युवाओं के लिए अब तक की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## कराची में पटाखा गोदाम में विस्फोट, 34 लोग घायल

**कराची, 21 अगस्त (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रमुख बंदरगाह शहर कराची में गुरुवार को एक आतिशबाजी गोदाम में भीषण विस्फोट हुआ। इस दुर्घटना में कम से कम 25 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। यह विस्फोट जिन्ना रोड क्षेत्र में स्थित एक इमारत में हुआ, जहां पर बड़ी मात्रा में पटाखे रखे गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट के बाद इमारत से घना काला धुआं उठता देखा गया। आस-पास की दुकानों की खिड़कियां चकनाचूर हो गईं और कांच के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। आसपास रहने वाले लोग भयभीत होकर इमारत से दूर भागते देखे गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी असद रजा ने जानकारी दी कि घटना के बाद तुरंत फायर ब्रिगेड और बचाव दल मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, जबकि एंबुलेंसों के जरिए घायलों को पास के कई अस्पतालों में पहुंचाया गया। धमाके से केवल आतिशबाजी गोदाम ही नहीं, आसपास की कई दुकानें और सड़क किनारे खड़ी गाड़ियाँ भी क्षतिग्रस्त हो गईं। जिन्ना रोड जैसे भीड़-भाड़ वाले इलाके में यह धमाका आम नागरिकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हुआ। विस्फोट किस कारण से हुआ, इसका अभी तक कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है. पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञ विस्फोट की तह तक पहुंचने के लिए जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर लापरवाही से भंडारण या गलत तरीकों से आतिशबाजी का संग्रहण इसके पीछे कारण माने जा रहे हैं। पाकिस्तान में पटाखों और आतिशबाजी के कारखानों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी आम बात है। इसी साल जनवरी में पंजाब के मंडी बहाउद्दीन शहर में एक आतिशबाजी केंद्र में धमाका हुआ था, जिसमें छह लोगों की जान चली गई थी। कराची की इस घटना ने एक बार फिर पाकिस्तान में औद्योगिक सुरक्षा मानकों की कमी को उजागर कर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आतिशबाजी जैसे संवेदनशील उत्पादों का सुरक्षित और नियंत्रित भंडारण नहीं किया जाएगा, तो ऐसे हादसे भविष्य में और अधिक जानलेवा हो सकते हैं।



## योगी सरकार ने दी शाहपुर क्षेत्र को सौगात - बीएससी नर्सिंग और जीएनएम की दी मान्यता

### - चांदपुर अस्पताल में दोनों की 60-60 सीटें मिली

**शाहपुर, 21 अगस्त (बु.)।** प्रदेश की योगी सरकार ने 5 नए नर्सिंग कॉलेज को बीएससी नर्सिंग और जीएनएम की मान्यता दी है। इनमें जनपद भी शामिल हो गया है, विशेषकर शाहपुर क्षेत्र को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। योगी सरकार ने पांच नए नर्सिंग कॉलेज को नई मान्यता दे दी है। बताया जाता है कि पिछले दिनों सरकार नर्सिंग कॉलेज की सीट बढ़ाने एवं नई मान्यता देने पर विचार कर रही थी। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे उत्तर प्रदेश में पांच नए नर्सिंग कॉलेज को मान्यता दी है। इनमें प्रतापगढ़, वाराणसी, कुशीनगर, संत कबीर नगर और मुजफ्फरनगर जिला शामिल हैं। जनपद के शाहपुर मंसूरपुर रोड पर स्थित एमजे इंस्टिट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल को भी बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के कोर्स के लिए नई मान्यता दे दी है। एमजे इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ. जुनैद चौधरी ने बुलेटिन को बताया कि बीएससी नर्सिंग में 60 तथा जीएनएम कोर्स में 60 सीटों की मान्यता मिली है। मुजफ्फरनगर की ग्रामीण इलाके में बीएससी नर्सिंग और जीएनएम का कोर्स आने से ग्रामीण क्षेत्र की लड़के और लड़कियों को बीएससी नर्सिंग और जीएनएम का कोर्स करने में आसानी होगी।




## काशी टोल प्लाजा पर सेना के जवानों को कर्मचारियों ने किया सैल्यूट

### मेरठ कांड का असर

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसी)।** सरूरपुर के भूनी टोल प्लाजा पर सेना के जवान कपिल के साथ मारपीट और उसके बाद हुई पुलिस कार्रवाई का असर अब मेरठ के अन्य टोल प्लाजाओं पर साफ दिखाई देने लगा है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने संबंधित टोल कंपनी पर कार्रवाई की है। इसके बाद अन्य टोल प्लाजा संचालकों ने भी सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। बुधवार को मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे स्थित काशी टोल प्लाजा पर सेना के सम्मान का अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां से गुजरने वाले हर सैन्य वाहन को टोलकर्मियों ने सैल्यूट करके उनका सम्मान किया। सेना के जवानों के प्रति सम्मान जताने की इस पहल ने यात्रियों का भी ध्यान आकर्षित किया। काशी टोल प्लाजा का संचालन कर रही कंपनी क्यूब हाईवेज के टोल अधिकारी अनिल शर्मा और सीनियर मैनेजर भूपेश त्यागी ने बताया कि टोल प्लाजा पर भविष्य में इस तरह की कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। उन्हें साफ तौर पर कहा गया है कि किसी भी वाहन चालक से बुरा व्यवहार न किया जाए और सभ्यता बनाए रखी जाए। उल्लेखनीय है कि भूनी टोल प्लाजा पर हुई घटना ने न केवल मेरठ बल्कि प्रदेशभर के टोल प्लाजा प्रबंधन को भी संवेदनशील बना दिया है। एनएचएआई की सख्त रुख अपनाने के बाद टोल संचालक अब हर छोटी-बड़ी स्थिति में सतर्क रहकर काम करने को मजबूर हैं। यात्रियों और विशेषकर सैन्य वाहनों के प्रति सही व्यवहार सुनिश्चित करना फिलहाल उनकी पहली प्राथमिकता बन गई है।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम राजेश कंसल (RAJESH KANSAL) से बदलकर राजेश कुमार कंसल (RAJESH KUMAR KANSAL) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे राजेश कुमार कंसल के नाम से ही जाना जायेगा।

राजेश कुमार कंसल
पुत्र जगदीश प्रसाद
515, ए नॉर्थ सिविल लाइन
साकेत रोड, मुजफ्फरनगर

**NAME CHANGE**

I, Anchit Mittal, have changed my Son's name from ADITYA to ADITYA NARAYAN MITTAL. He, from now onwards, will be known by this name for all future purposes. Resident of H.NO. 381, Kambal Wala Bagh, New Mandi, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh

**NAME CHANGE**

I, Anchit Mittal, have changed my daughter's name from Devpriya Mittal to Radhika Mittal. She, from now onwards, will be known by this name for all future purposes. Resident of H.NO. 381, Kambal Wala Bagh , New Mandi, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 3767, दिनांक 12/4/2016 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अर्जुन सिंह (ARJUN SINGH)अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक- आशीष कुमार
म.न. 12/9/1, सूरज विहार, साउथ
सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर

# शाहपुर में रास्ता जाम कर प्रदर्शन करने वाले 35 नामजद एवं 150 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## - 7 लोग गिरफ्तार किए गए, हड़कंप मचा - निर्दोषों को बढ़ाने की मांग को लेकर एसएसपी से मिले ग्रामीण

**शाहपुर, 21 अगस्त (बु.)।** थाना पुलिस ने कस्बे में जाम लगाकर धरना प्रदर्शन करने वाले लोगों के अलावा अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यक्ति सहित 35 लोगों को नामजद करते हुए 150 अज्ञात लोगों को विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस की कार्यवाही से असंतुष्ट पीड़िता के परिजनों व ग्रामीणों ने बुधवार को थाने पर धरना प्रदर्शन किया था। इसी दौरान उत्तेजित ग्रामीण दोपहर के समय कस्बा पुलिस चौकी पर पहुंचे, जहां उन्होंने जाम लगाने के साथ पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन किया था। इसी दौरान पीड़िता के ताऊ ने पुलिस के सामने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास भी किया था, जिसको पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। स्थानीय पुलिस के अलावा सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने पीड़िता के परिजनों व ग्रामीणों को आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था, किंतु पीड़िता के परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों की एक न सुनी। इसके बाद पुलिस ने लाठियां फटकार कर जाम खुलवा दिया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यक्ति व जाम लगने वाले लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें पुलिस ने 35 लोगों को नामजद करने के अलावा 150 अज्ञात लोगों को दर्शाया है।

पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सात आरोपियों गांव कमालपुर निवासी गोपाल, दीपक, यश, शुभम, प्रमोद, मोंटी के अलावा गांव धनायन निवासी गौरव को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सभी का चालान कर दिया। पुलिस की कार्यवाही से ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है। उधर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना में मुख्य आरोपी की मदद करने व धमकी देने वाले दूसरे आरोपी गांव कमालपुर निवासी यतेन्द्र को भी गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। उधर दूसरी ओर नाबालिग से दुष्कर्म को लेकर बवाल के मामले में ग्रामीणों ने एसएसपी संजय वर्मा से मुलाकात की। कप्तान वर्मा ने कार्रवाई के बावजूद जाम-प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि पुलिस अधिकारी हर किसी की बात सुनने को तैयार है, तो जाम लगाने का क्या औचित्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुकदमें में दोषियों के खिलाफ जरूर कार्रवाई होगी, लेकिन बेकूसरों को नहीं फंसाया जाएगा। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अन्य की नामजदगी की मांग को लेकर महिलाओं ने बुधवार को थाने पर प्रदर्शन किया। बाद में आक्रोशित भीड़ ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया था। इसी दौरान आत्मदाह करने की कोशिश हुई थी। पुलिस ने लाठियां फटकार को भीड़ को तितर-बितर किया था। पुलिस ने बवाल के मामले में मुकदमा दर्ज किया था। शाहपुर के पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी की अगुवाई में ग्रामीणों ने गुरूवार को एसएसपी संजय वर्मा और एसपी देहात आदित्य बंसल के साथ मुलाकात की। कप्तान ने कहा कि पूरी कार्रवाई परिजनों को विश्वास में लेकर अंजाम दी गई। बावजूद इसके जाम और प्रदर्शन कर कानून को हाथ में लेना सही नहीं था। ग्रामीणों का कहना था कि मुकदमे में कई बेकसूर युवक मुकदमें में फंस गए है। एसएसपी ने आश्वासन दिया कि कोई भी बेकसूर जेल नहीं जाएगा।

# निक्की हेली बोलीं- भारत से रिश्ते बिगाड़ना बड़ी गलती

## - ट्रम्प को चेताया- भरोसा टूटा तो 25 साल की मेहनत खराब होगी

**अमेरिका, 21 अगस्त (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत से संबंधों को लेकर ट्रम्प प्रशासन को चेतावनी दी है। न्यूजवीक मैगजीन में लिखे अपने आर्टिकल में निक्की कहा कि अगर भारत के साथ 25 साल में बना भरोसा टूटता है, तो यह एक रणनीतिक गलती होगी। निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ और उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को सलाह दी है कि वह भारत को एक और लोकतांत्रिक साझेदार माने। निक्की ने आर्टिकल की शुरूआत रीगन और इंदिरा गांधी के बीच 43 साल पहले हुए एक मुलाकात से की है। उन्होंने लिखा- जुलाई 1982 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए डिनर रखा था। उस समय उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका दो आजाद देश हैं। कभी-कभी हमारे रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। लेकिन चार दशक बाद आज अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। निक्की ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि चीन पर रूस से तेल खरीदने के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि भारत पर अमेरिकी टैरिफ लगाए जा रहे हैं। हेली के मुताबिक यह दिखाता है कि अमेरिका- भारत रिश्तों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। हेली ने कहा कि भारत ही वह देश है जो एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को बैलेंस कर सकता है। पूर्व राजदूत ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा। भारत का यह उभार चीन की महत्वाकांक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक विवाद को अगर लंबे समय के लिए बढ़ाया गया, तो चीन इसका फायदा उठा लेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीधे पीएम मोदी से बात करें और रिश्तों को फिर से पटरी पर लाएं।



## महाराष्ट्र: पालघर में दवा कंपनी में गैस रिसाव, चार लोगों की मौत

**पालघर, 21 अगस्त (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के तारापुर-बोईसर औद्योगिक क्षेत्र में दवा कंपनी में गैस रिसाव से चार लोगों की मौत हो गई। गुरुवार (21 अगस्त) को दोपहर लगभग 2:30 से 3 बजे के बीच बोईसर औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्लॉट नंबर 13 में मेडली फार्मा कंपनी में नाइट्रोजन रिएक्शन टैंक से गैस लीक होने की घटना हुई। इस हादसे में कुल छह लोग प्रभावित हुए. सभी को शिंदे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है और उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है।

मृतकों की पहचान कल्पेश राउत, बंगाली ठाकुर, धीरज प्रजापती और कमलेश यादव के रूप में हुई है, जिन दो लोगों की हालत गंभीर हैं उनकी पहचान रोहन शिंदे और निलेश हाडल के रूप में हुई है। पालघर डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट सेल के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि दोपहर करीब 2:30 बजे से 3 बजे के बीच कंपनी की नाइट्रोजन गैस का रिसाव हुआ, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारी प्रभावित हुए। छह मजदूरों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6:15 बजे चार की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दो अन्य को स्थानीय अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि संयंत्र से सभी प्रभावित कर्मचारियों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। पालघर के पुलिस अधीक्षक यतिस देशमुख ने बताया कि इस फैक्ट्री में 36 मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से पांच मजदूर उस वक्त वहां काम कर रहे थे, जहां प्रोडक्शन चल रहा था। देशमुख ने कहा कि इस गैस रिसाव के वजह को पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है और इस संबंध में उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जयशंकर ने ट्रंप को दिखाया आईना, मॉस्को में अमेरिका पर बरसे

## - भारत रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार नहीं...

**मॉस्को, 21 अगस्त (एजेंसी)।** रूस की यात्रा पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने टैरिफ को लेकर अमेरिका को जमकर सुनाया है। उन्होंने रूसी विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं। उन्होंने रूसी एलएनजी की खरीद और उसके साथ व्यापार में वृद्धि के अमेरिकी दावे को भी खारिज किया। जयशंकर का यह बयान तब आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत के ऊपर लगाया गया 25 प्रतिशत का सेकेंडरी टैरिफ भी 27 अगस्त से प्रभावी होने वाला है। भारत पहले से ही अमेरिका के 27 प्रतिशत के टैरिफ को झेल रहा है। ऐसे में अगर अमेरिका ने टैरिफ पर रोक नहीं लगाई तो यह बढ़कर 50 प्रतिशत तक हो जाएगा। जिक्र किया। जयशंकर ने कहा, "...हम रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, वह चीन है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, वह यूरोपीय संघ है।

हम वह देश नहीं हैं जिसका 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे बड़ा उछाल आएगा, मुझे लगता है कि दक्षिण में कुछ देश हैं। हम एक ऐसा देश हैं जहां पिछले कुछ वर्षों से अमेरिकी कहते रहे हैं कि हमें विश्व ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए सब कुछ करना चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है।

संयोग से, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं, और यह मात्रा बढ़ी है। इसलिए ईमानदारी से, हम उस तर्क के तर्क से बहुत हैरान हैं जिसका आपने (मीडिया ने) उल्लेख किया...।"




## शौचालय निर्माण की मांग को लेकर सचिव से मिले दुकानदार

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** क्रांतिसेना पदाधिकारियों ने गुरुवार को कूकड़ा मंडी स्थित मंडी समिति कार्यालय में पहुंचकर सचिव वीरेंद्र चंदेल से मुलाकात करते हुए श्री बालाजी मन्दिर के सामने स्थित मार्किट में शौचालय न होने के कारण दुकानदारों को हो रही समस्या से अवगत कराया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि शौचालय न होने के कारण दुकानदार और ऑफिस संचालकों के अलावा कार्यालयों में काम करने वाले मेल-फीमेल स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दुकानदारों द्वारा पूर्व में मंडी कार्यालय को अवगत कराया था, लेकिन आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने परेशानी को देखते हुए वहां पर शौचालय निर्माण कराए जाने की मांग की। मंडी सचिव ने शौचालय के निर्माण को जल्द पूर्ण कराने का आश्वासन दिय। इस अवसर पर महानगर प्रमुख देवेंद्र चौहान, संजीव वर्मा, उज्ज्वल पंडित, सोनू पाहीवाल, शैलेंद्र विश्वकर्मा, चेतन देव, रोहित धीमन समेत मार्केट के अन्य दुकानदार मौजूद रहे।

## ओम बिरला ने विपक्ष के नेताओं को लगाई फटकार, बोले- अपने बर्ताव पर रखे नियंत्रण

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजनीतिक दलों से अपने बर्ताव पर नियंत्रण रखने का आह्वान किया। बिरला ने कहा कि संसद के अंदर और बाहर सांसदों की भाषा गरिमामय होनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर ने सांसदों को लताड़ लगाते हुए कहा कि सदन में विपक्ष का आचरण लोकतंत्र के मूल्यों के अनुरूप नहीं रहा। ये संसद की गरिमा के अनुसार नहीं है। देश की जनता देख रही है कि किस तरह से अहम मुद्दों पर चर्चा को बाधित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में 419 सवाल किए गए, जिसमें से सिर्फ 55 के मौखिक उत्तर दिए जा सके। पूरे सत्र के दौरान चर्चा का समय 120 घंटे निर्धारित किया गया था, लेकिन 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए।



## काली नदी पर पुल निर्माण को लेकर बैठक में उपेक्षा के आरोप

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** लंबे समय से काली नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर माननीयों से अधिकारियों तक दस्तक देते आ रहे खांजापुर एवं काली नदी के आसपास के लोगों की एक बैठक गुरूवार को हाजी शहीद सिद्दीकी के फार्म हाउस पर संपन्न हुई। बैठक में काली नदी पुल का लंबे समय से निर्माण न हो पाने से स्थानीय लोगों के साथ काली नदी के दूसरी ओर खेती व मजदूरी करने वाले तमाम लोगों की मांग पर शासन-प्रशासन द्वारा ध्यान न दिए जाने पर चिन्ता व्यक्त की गई। बैठक में अधिकांश वक्ताओं ने नगरपालिका प्रशासन के साथ स्थानीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ पालिका की अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप द्वारा पूर्व में दिए आश्वासन के बावजूद भी अभी तक कोई राहत न मिल पाने पर चिंता व्यक्त की। साथ ही इस समस्या के निदान के लिए जल्द ही मंत्री, चेयरपर्सन व डीएम से मिलकर काली नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग को लेकर प्रत्यावेदन दिए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से विजय कश्यप, कर्बला कमेटी के प्रबंधक बाबू जैदी, नूरजहां बेगम, शाहिस्ता अंसारी, इकरा, फाजिल सिद्दीकी, अंसार, मनशाद अली आदि मौजूद रहे।

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश तमंचे के साथ गिरफ़्तार

**मीरापुर, 21 अगस्त (बु.)।** मीरापुर इन्स्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि मीरापुर पुलिस को बुधवार की रात्रि कैथोड़ा की टूटी पुलिया के समीप एक संदिग्ध युवक के मौजूद होने की सूचना मिली, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उक्त बाग से युवक को पकड़ा, तो वह थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश मीरापुर के पड़ाव चौक निवासी शोएब पुत्र अफजाल निकला। तलाशी लेने पर उससे एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने लिखापढ़ी कर उसका चालान कर दिया।

## नंद लाल की छठी पर श्रद्धालुओं नें खूब वितरण किए कढ़ी-चावल

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बुस.)।** नगर में श्रीकृष्ण छठी महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में तो छठी उत्सव मना ही, इसके अलावा नगर के मौहल्लों में भी छठी उत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कर कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरण किया गया। गांधी कॉलोनी, साकेत कॉलोनी, कच्ची सड़क, नुमाइश कैंप, केशवपुरी, जानसठ रोड, नई मंडी आदि स्थानों पर छठी उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। गांधी कॉलोनी के सरवट फाटक स्थित संकट हरनी दुर्गा मंदिर में भी छठी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कढ़ी-चावल के प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान पंडित सुरेश रतूड़ी, डॉ. दामोदर त्यागी, जागेराम त्यागी, डॉ. रविंद्र शर्मा, सचिन त्यागी, ओम दत्त आर्य, सुबोध त्यागी, अनुज कुमार आर्य, नितिन त्यागी, कमल कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार, विपिन त्यागी व संजीव आदि लोग उपस्थित थे। शिवनगर के शनिदेव मंदिर में भी छठी उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पंडित योगेश शर्मा सभासद, अमित शर्मा, राहुल त्यागी, गौरव, बबलू, विकास त्यागी, ध्रुव त्यागी, सचिन शर्मा, संदीप, दीपक, अंकित पाल, मोनू चौधरी, हितेश बंसल, अंशुल पाल, नरेश कुमार, शिवांग शर्मा आदि उपस्थित थे।








संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## बांग्लादेश में फिर सियासी उथल पुथल

बांग्लादेश से सियासी उथल पुथल की खबरें आ रही हैं। इसके अलावा बांग्लादेश ने एक प्रेस नोट के जरिये कहा है कि भारत में आवामी लीग के दफ्तर सक्रिय हैं। वास्तविक नेता वह होता है जो अपने देश को प्रथम रखकर, पूरी पृथ्वी के कल्याण का चिंतन करता है। उसी के लिए अंग्रेजी में शब्द है 'लीडर', उसके बाद सब पॉलिटिशियन होते हैं, लीडर नहीं। जो सिर्फ अपनी कौम का चिंतन करे वह लीडर तो है ही नहीं, अच्छा पॉलिटिशियन भी नहीं है वह सिर्फ फिरकापरस्त सियासतदां है। आजकल जमीन पर फिरकापरस्त सियासतदां बड़ी तादाद में हैं। पाकिस्तान के सियासतदां कतई लीडर नहीं हैं, ज्यादातर फिरकापरस्त हैं, ऐसे ही बांग्लादेश के नेता फिरकापरस्त सियासतदां हैं। इस समय अपने देश के साथ पूरे विश्व के हित के लिए चिंतन करने वाला एक ही लीडर है, और वह पॉलिटिशियन नहीं है। भारत के लोग तो उसे दिल में रखते ही हैं, पूरी दुनिया मानती है कि लीडर हो तो ऐसा हो। सभी उनका नाम जानते हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश से घटिया सियासत की खबरें आती ही रहती हैं, क्योंकि वहाँ कोई लीडर नहीं है, ज्यादातर फिरकापरस्त सियासतदां हैं। उनकी सोच अपनी कौम से आगे नहीं बढ़ती। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि भारत में आवामी लीग के दफ़्तर सक्रिय हैं, जिसका भारत ने माकूल जवाब दे दिया है। आवामी लीग शेख हसीना की पार्टी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रेस वक्तव्य को गलत बताया है। विदेश मंत्रालय ने मीडिया के पूछे गए सवाल पर जवाब जारी किया है। इसमें कहा गया है, भारत सरकार को आवामी लीग के कथित सदस्यों द्वारा भारत में किसी भी प्रकार की बांग्लादेश-विरोधी गतिविधियों या भारतीय कानून के विपरीत किसी भी कार्रवाई की जानकारी नहीं है। भारत सरकार अन्य देशों के खिलाफ राजनीतिक गतिविधियों को भारत की जमीन से संचालित होने की अनुमति नहीं देती। बांग्लादेश की पार्टी आवामी लीग की प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इस समय भारत में निर्वासित जीवन जी रही हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में बांग्लादेश में चुनावों का ज़िक्र भी किया है। बयान में कहा गया है, भारत दोहराता है कि बांग्लादेश में जनता की इच्छा और जनादेश सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराए जाएं। आरोप लगाया गया है कि बांग्लादेश आवामी लीग ने दिल्ली और कोलकाता में अपने दफ़्तर खोले हैं। आवामी लीग को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने प्रतिबंधित किया है। बयान में लिखा है,दिल्ली और कोलकाता में प्रतिबंधित राजनीतिक दल बांग्लादेश आवामी लीग के दफ़्तर खोले जाने की रिपोर्ट्स पर बांग्लादेश सरकार का ध्यान गया है। यह घटनाक्रम उस पृष्ठभूमि में हुआ है, जब आवामी लीग के नेतृत्व ने भारत की जमीन से बांग्लादेश-विरोधी गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, जो मानवता के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों में बांग्लादेश से फरार हैं और भारत में मौजूद हैं। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है, भारत की जमीन पर वैध या अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के जरिए और खासकर प्रतिबंधित राजनीतिक दल के फरार नेताओं कार्यकर्ताओं के जरिए, बांग्लादेश के हितों के खिलाफ किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि या कार्यालय की स्थापना, बांग्लादेश और बांग्लादेश की जनता का स्पष्ट अपमान है। यह घटनाक्रम भारत-बांग्लादेश के बीच आपसी विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित सौहार्दपूर्ण संबंधों को भी प्रभावित करता है और बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक बदलावों पर गंभीर असर डाल सकता है। इससे बांग्लादेश में जनभावनाएं भी भड़क सकती हैं, जो दोनों निकटतम पड़ोसियों के बीच संबंधों को और बेहतर बनाने के लिए चल रहे प्रयासों को प्रभावित कर सकती हैं। इसके बाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मंत्रालय ने भारत सरकार से अपील की है कि वह तुरंत कदम उठाए, ताकि भारत की जमीन से कोई भी बांग्लादेश-विरोधी गतिविधि किसी भी बांग्लादेशी नागरिक के जरिए न हो, और ऐसी किसी भी गतिविधि को किसी रूप में अनुमति या समर्थन न दिया जाए। बीते साल 5 अगस्त को छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन प्रधानमन्त्री शेख हसीना को देश छोड़कर भारत आना पड़ा था, तब ही से भारत में रह रहीं शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए बांग्लादेश लगातार दबाव बना रहा है। अंतरिम सरकार ने भारत से उन्हें वापस भेजने की मांग की है, लेकिन भारत ने इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। अंतरिम सरकार में शामिल लोगों का कहना है कि भारत शेख हसीना को पनाह दिए हुए है। साथ ही उनका आरोप है कि शेख हसीना भारत से लगातार बांग्लादेश विरोधी गतिविधियां चला रही हैं। बांग्लादेश में सियासी एतबार से सबकुछ ठीक नहीं है। पिछले साल जुलाई के प्रदर्शनों में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिजनों ने ढाका स्थित सचिवालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार असीफ नजरुल के इस्तीफे की मांग की। एक खबर हैरान करने वाली भी है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने एक अजीब आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत विदेशों में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और हाइकमीशनों से राष्ट्रपति मोहम्मद शाहाबुद्दीन की तस्वीरों को तुरंत हटाने को कहा गया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने विदेशों में मौजूद दूतावासों को राष्ट्रपति मोहम्मद शाहाबुद्दीन की तस्वीरें तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। आदेश मिलते ही कई दूतावासों ने तस्वीरें हटा भी दीं। इस खबर के आने के बाद ही से अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि कहीं ये फैसला राष्ट्रपति को हटाने की तैयारी तो नहीं? लेकिन अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि आखिर सरकार ने ऐसा कदम क्यों उठाया। इस खबर के बाहर आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। लोग सवाल उठाने लगे कि क्या इसका मतलब है कि राष्ट्रपति को भी उनके पद से हटाया जाने वाला है? पिछले साल 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद देश विदेश के कई स्थानों से शेख हसीना और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें भी हटा दी गई थीं। लोग खुद दूतावास में घुसकर तस्वीरें उतार ले गए थे। लंदन हाईकमीशन ने पुष्टि की है कि मंत्रालय से आदेश मिलने के बाद वहां से राष्ट्रपति की तस्वीर हटा दी गई।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'तजरबा' 'हौसला' 'प्यार' 'दिया'

जो हुआ होगा तुम्हें वो तजरबा काम आएगा।
रास्ते की मुश्किलों में हौसला काम आएगा।।
अक्लमंदी,होशियारी,तिकड़में कुछ भी नहीं,
प्यार की राहों में तो दिल का दिया काम आएगा।

# लेखपाल संघ के कार्यक्रम में डीएम ने पढ़ाया लेखपालों को नैतिकता का पाठ

### - सत्येंद्र बालियान जिलाध्यक्ष व सियानन्द बने जिला मंत्री





मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)। जनपद मुख्यालय के लिंक रोड आदर्श कॉलोनी में आयोजित द्विवर्षीय जिला इकाई के चुनाव कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की मुजफ्फरनगर शाखा की कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव में सतेन्द्र बालियान को अध्यक्ष व शियानन्द को बतौर मंत्री के रूप में घोषित किया गया। जिला इकाई के निर्वाचन के लिए उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ द्वारा निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त नीरज कुमार राठौर संगठन मंत्री पश्चिमी जोन व उसके सहायक के रूप में सुमित सक्सेना जिला मंत्री रामपुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद के सभी 166 लेखपालों ने प्रतिभाग किया। लिंक रोड के एक बैंकटहॉल में आयोजित चुनाव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डीएम उमेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कार्यक्रम में आए लेखपालों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए उन्हें ईमानदारी और निष्ठा से काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर आप ईमानदारी से काम करोगे तो ना तो तुम्हें तनाव होगा और न ही कोई किसी भी किस्म की परेशानी होगी, क्योंकि हमें सरकार जो तनख्वाह देती है और हमें लोगों की मदद करनी है उनके काम करने हैं, ऐसे में अगर हम उनका काम ईमानदारी से करेंगे तो हमारे कर्तव्यों का निर्वहन भी अच्छे तरीके से होगा और हमें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर हम अपना काम सही ढंग से नहीं करते तो हमें मानसिक रूप से परेशानी भी झेलनी पड़ती है और कहीं न कहीं हड़बड़ाहट में कोई ऐसा काम कर जाते हैं जिससे हम हमेशा के लिए फंस जाते है। ऐसे में हमें ईमानदारी, निष्ठा के साथ काम करना चाहिए। इस कार्यक्रम में लेखपालों की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में सतेंद्र कुमार बालियान को बनाया गया। इसके अलावा एनुल हसन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामपाल सिंह को कनिष्क उपाध्यक्ष, सियानंद मंत्री, सौरभ सिंह उप मंत्री, अनंत शर्मा कोषाध्यक्ष और ओमवीर मलिक लेखा परीक्षक निर्विरोध निर्वाचित किए गए। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ मुजफ्फरनगर के द्विवार्षिक कार्यकारिणी की घोषणा के बाद मुख्य अतिथियों ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित कार्यकार्यकारिणी ने चुनाव संपन्न होने के बाद सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं मौके पर मौजूद लेखपालों द्वारा नई कार्यकारणी के पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# लोकतंत्र बचाने को वोट चोरी नहीं होने देंगे : सुषमा सैनी

### – सपा महिला सभा ने वोट चोरी व गड़बड़ी पर किया प्रदर्शन



मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)। वोट चोरी व एसआईआर के नाम पर बिहार में 65 लाख से अधिक वोट के अधिकार पर लूट और यूपी में वोट चोरी करने वाले जिलाधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष सुषमा सैनी के नेतृत्व में गुरूवार को महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी दफ्तर से जुलूस के रूप में इकट्ठा होकर महावीर चौक, प्रकाश चौक होते हुए कचहरी में पहुंची महिलाओं ने डीएम कार्यालय पर धरना देते हुए वोट चोरी बंद करो, लोकतंत्र की हत्या बंद करो, चुनाव आयोग की संदिग्ध गतिविधियों को बंद करो और एसआईआर के नाम पर वोट लूट बंद करो जैसे नारों के साथ धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष सुषमा सैनी ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेरणा व महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के आह्वान पर किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मांगें हैं कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता व विश्वसनीयता को खो कर देश के मतदाताओं के वोट चोरी, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी जान बूझकर हने दे रहा है। वर्ष 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में भी लाखों वोटों की चोरी फर्जी रूप से मृतक व लापता बताकर हुई थी, जिसकी शिकायत आयोग को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 18000 शपथपत्रों के अकाट्य साक्ष्यों के साथ करने पर भी चुनाव आयोग ने वोट चोरी के जिम्मेदार जिलाधिकारियों पर कार्यवाही न करना लगातार चुनावों में पुलिस प्रशासन के जरिए वोट व बूथ लूट पर अफसरों पर कार्यवाही करने व 5 बजे के बाद आश्चर्य जनक रूप से बढ़े मतदान की सीसीटीवी रिकॉर्ड न देने से चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की कमजोरी लोकतंत्र के लिए खतरा है।

उन्होंने कहा कि सपा महिला सभा मतदाताओं के हित व लोकतंत्र को बचाने की मांगों को लेकर महिला सभा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रशासन को सौंपा। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, महिला सभा की पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभा यादव, साजिद हसन, शमशेर मलिक, वकीला बेगम, संतलेश, सोनिका पाल, प्रियांशी, रिया पाल, काजल, हरबीरी, सुमन, सरीता, पूनम, फातमा बेगम, मानसी, गुल्फशा, निशा कात्यायन, प्रमिता, लक्ष्मी रानी, मंजू ललिता, लीलावती, विपाशा, कमलेश, पिंकी, सोनिया, रोशनी, मधु आदि मौजूद रही।

# विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

### - कई बड़ी डील पर हुई दोनों के बीच बातचीत



मास्को, 21 अगस्त (एजेंसी)। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों रूस की अहम यात्रा पर गए हुए हैं। इस बीच एस जयशंकर ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। बता दें कि इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से एस. जयशंकर की मुलाकात की तस्वीर अब सामने आ गई है। बता दें कि एस जयशंकर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए रूस पहुंचे हैं। इसे लेकर आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एस. जयशंकर ने पोस्ट लिखते हुए कहा, हमने व्यापार और आर्थिक क्षेत्र, कृषि, ऊर्जा, उद्योग, कौशल विकास, गतिशीलता, शिक्षा और संस्कृति सहित व्यापक क्षेत्रों में अपने सहयोग पर विस्तृत चर्चा की। एक दूसरे पोस्ट में एस जयशंकर ने लिखा, 'प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ भारत-रूस व्यापार मंच में शामिल होकर प्रसन्नता हुई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज मॉस्को में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरों को शेयर करते हुए एस जयशंकर ने लिखा, 'आज मास्को में विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर प्रसन्नता हुई। संयुक्त राष्ट्र, जी-20, शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स में हमारे सहयोग पर भी बात की। हमारी बैठक ने इस वर्ष के अंत में होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के परिणामों और निर्णयों को तैयार करने में मदद की।'

# असम में 18+उम्र वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा, सीएम हिमंत ने लिया फैसला लिया

गोवाहाटी, 21 अगस्त (एजेंसी)। असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। सीएम हिमंत ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं है, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय जनजाति के 18+ आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर में सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा था। सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6ए को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक असम आए हैं वो भारतीय नागरिक के तौर पर खुद को रजिस्टर करा सकते हैं। हालांकि 25 मार्च 1971 के बाद असम आने वाले विदेशी भारतीय नागरिकता के लायक नहीं हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने इस पर फैसला सुनाया था। फैसले पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित चार जजों ने सहमति जताई है। वहीं जस्टिस जेबी पारदीवाला ने असहमति जताई। सिटीजनशिप एक्ट 1955 की धारा 6ए, भारतीय मूल के विदेशी प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने की अनुमति देती है। जो 1 जनवरी, 1966 के बाद लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले असम आए थे। यह प्रावधान 1985 में असम समझौते के बाद डाला गया था, जो भारत सरकार और असम आंदोलन के नेताओं के बीच हुआ समझौता था। ये नेता बांग्लादेश से असम में प्रवेश करने वाले अवैध प्रवासियों को हटाने का विरोध कर रहे थे। जब बांग्लादेश मुक्ति युद्ध समाप्त हुआ था।असम के कुछ स्वदेशी समूहों ने इस प्रावधान को चुनौती दी, उनका तर्क था कि यह बांग्लादेश से विदेशी प्रवासियों की अवैध घुसपैठ को वैध बनाता है।

# किशोरी के अपहरण और लूट के आरोपी को रिमांड पर लेकर बरामद किया अवैध असलाह



चरथावल, 21 अगस्त (बु.)। पुलिस ने महिला के अपहरण और लूट के मामले में एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी उमर उर्फ.फारुख पुत्र अब्दुल्ला निवासी ग्राम हैबतपुर को न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही पुलिस ने आरोपी के मकान पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत नोटिस चस्पा किया था, जिसके बाद आरोपी ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया था। मामला 03 और 04 जून की रात का है। जानकारी के मुताबिक, रात करीब 2 बजे आरोपी उमर उर्फ फारुख और उसका साथी तसव्वुर पुत्र सालिम, जो कि उसी गांव के रहने वाले हैं, दीवार फांदकर एक घर में घुस गए। आरोप है कि दोनों ने घर में सो रही 16 वर्षीया किशोरी को तमंचे के बल पर अगवा कर लिया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर हथियार बरामद किया है और पूरे मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक फिसलने से मां-बेटे समेत तीन बाइक सवार हुए घायल



चरथावल, 21 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के रोहाना मार्ग पर अलावलपुर पुलिस चौकी के पास अन्य वाहन बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक फिसलने से बाइक सवार मां-बेटे सहित तीन व्यक्ति घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार हेतु सीएचसी भिजवाया। गुरुवार को थाना चरथावल क्षेत्र के रोहाना मार्ग से थाना क्षेत्र के रोनीहरजीपुर निवासी मांगेराम 30 वर्ष अपनी बहन शशि 28 वर्ष व मां बबली 50 वर्ष के साथ बाईक द्वारा गांव लौट रहा था। जैसे ही ग्राम अलावलपुर चौकी के निकट पहुंचे, तभी सामने से आये वाहन को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई, जिससे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गये। सूचना पर पीआरवी 2211 तथा बाइक पीआरवी 5233 मौके पर पहुंची तथा घायल तीनों व्यक्तियों को पीआरवी की मदद से सीएचसी चरथावल में भर्ती कराया गया।

# दलित युवक पर हमला कर घायल किया

मीरापुर, 21 अगस्त (बु.)। कस्बे के मौहल्ला पंसारटा निवासी युवक मोनू पुत्र महावीर ने मीरापुर थाने में तहरीर दी है कि बुधवार की देर रात्रि वह अपने घर में बैठा था। इस दौरान मौहल्ले के ही तीन युवक शाहरुख, सलमान व भूरा ने उसके भतीजे शिवम की पिटाई कर दी। शोर-सुनकर वह मौके पर पहुँचा, तो आरोप है कि तीनों ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री राज सिंह मौके पर पहुँच गए और घायल युवक को लेकर थाने पहुँचे। पुलिस ने घायल को मैडिकल के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गौमांस बेचने जा रहा तस्कर मुठभेड़ में घायल

### – मौके से किया शस्त्र, स्कूटर व गौमांस बरामद



बुढ़ाना, 21 अगस्त (बु.)। गौमांस बेचने जा रहे दो तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिस ने एक तस्कर को गोली मारकर पकड़ लिया जबकि उसका साथी ईख के रास्ते भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से दो कुंतल गौमांस, तमंचा, कारतूस और स्कूटर रेहड़ा बरामद किया है। बृहस्पतिवार को बुढ़ाना पुलिस को खबर मिली 2 युवक कांधला क्षेत्र में आवारा गौवंश की हत्या कर उसके मांस को स्कूटर रेहड़े में लादकर मेरठ बेचने जा रहे हैं। तब पुलिस ने रेहड़ा चालक को रोका, तो दोनों युवक रेहड़े को मोड़कर बायवाला चौराहे की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने दोनों का पीछा किया। आगे चलकर दोनों व्यक्तियों ने रेहड़ा स्कूटर को कच्चे रास्ते मोड़ दिया। रास्ता कच्चा होने के कारण रेहड़ा जमीन में फंस गया तथा स्कूटर अनियंत्रित होकर गिर गया। दोनों व्यक्ति रेहड़े स्कूटर को छोड़कर पुलिस टीम पर फायर करते हुए ईख के खेत की तरफ भागने लगे, जिसमें एक सिपाही बाल-बाल बच गया। तब पुलिस ने गोली मारकर एक तस्कर पकड़ लिया, जबकि दूसरा भाग गया। पुलिस टीम ने घायल तस्कर को अस्पताल पहुंचाकर फरार युवक की तलाश में कॉम्बिंग की, मगर कोई सफलता नहीं मिली। घायल तस्कर ने अपना नाम साबुद्दीन निवासी गांव निरपड़ा हाल निवासी कैराना जिला शामली बताया। घायल तस्कर पर पूर्व में 7 मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में कोतवाल आनन्द देव मिश्र और कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार सहित अन्य कई पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
रेडिमेड गारमेन्ट्स शोरूम, नई मण्डी में जैन्ट्स हैल्पर की।
वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें -
M.6395814381

# चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने किया जिम का उद्घाटन



मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया के सपने को साकार करने को लेकर गांधी कॉलोनी के द्वारिकापुरी मोड़ पर आधुनिक मशीनों से और विभिन्न सुविधाओं से पूर्ण जिम्नेजियम नाम से खुले जिम का उद्घाटन नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने फीता काट और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान नगर पालिका चेयरपर्सन द्वारा जिम में लगी सभी आधुनिक तकनीक से पूर्ण मशीनों की सराहना की। साथ ही नगरवासियों से सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। शुभारंभ अवसर पर जिम के संचालक शुभांक सिंह एवं निशा सिंह ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को भगवान हनुमान जी का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रियांक गुप्ता सभासद, डॉ. मुकेश बिड़ला, विनोद टांक, राजू मचल, जयराज सिंह, धीरज माहेश्वरी, ध्रुव कुमार, ज्ञान चंद, आकाश दीप, अभिषेक शर्मा, प्रशांत गुप्ता, मनन वत्स, मानिक, सावन कुमार व आदित्य ट्रेनर उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर का भाकियू कार्यकर्त्ताओं ने विरोध करते हुए किया हंगामा



चरथावल, 21 अगस्त (बु.)। कस्बे में ऊर्जा विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर का भाकियू कार्यकर्त्ताओं ने विरोध करते हुए हंगामा किया। इसके विरोध में पैदल मार्च निकाला। अधिकारियों की मौजूदगी में स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान को रुकवा दिया गया। मौके पर ऊर्जा विभाग के एसई, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता मौजूद रहे। चरथावल नगर में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध तेज हो गया है। किसानों ने पैदल चरथावल नगर में पैदल मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। भारतीय किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया रुकवा दी। बिजली विभाग के एससी, एक्सईन, एसडीओ और अन्य अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। किसान नेताओं के विरोध के बाद विभाग ने स्मार्ट मीटर वापस ले लिए। भाकियू नेता विकास शर्मा ने कहा कि जब तक हाई कमान का आदेश नहीं आएगा, तब तक कहीं भी स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिया जाएगा। उन्होंने उत्तराखंड में किसानों पर हुए लाठीचार्ज की भी निंदा की। विकास शर्मा ने कहा कि व जल्द ही हरिद्वार में आंदोलन की योजना बना रहे हैं। इस मौके पर गुलशन गोयल, सहायक अभियंता आशीष कुमार, जेई अरविंद यादव, अभिषेक बंसल, शीलू त्यागी, सौरभ त्यागी, राजेंद्र वाल्मीकि, आलम त्यागी सहित सैकड़ों कस्बे वासी मौजूद रहे।

# मोनू की हत्या करने वालों को हो फांसी की सजा: यशवीर



बुढ़ाना, 21 अगस्त (बु.)। स्वामी यशवीर महाराज ने मोनू की हत्या पर उसके परिजनों से मिलकर रोष व्यक्त किया और कहा कि सभी हत्यारों को फांसी की सजा हो या फिर सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाए। बघरा योग साधना यशवीर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज आज बृहस्पतिवार के दिन मृतक मोनू खटीक के परिजनों से मिले। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और मोनू हत्याकांड को एक सोची-समझी साजिश करार दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बुढ़ाना की मुस्लिम बस्ती में मोनू की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह सभी जगह तथा योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है। हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दारूल उलूम देवबंद तथा अन्य मुस्लिम संगठन ऐसे अपराधियों का खर्च उठा रहे हैं। जिस कारण जिहादी बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कुछ हिंदुओं को भी निशाना बनाते हुए कहा कि उन्हें अपराधियों के बारे में जानकारी है, तो वे अपराधियों को पकड़कर पुलिस को सौंप दें। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार से कहना चाहता हूँ कि ऐसे अपराधियों को कड़ी सजा मिले। यहां पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय शुक्ला, विश्व हिंदू परिषद के वीरेंद्र कुमार, मंत्री सोनवीर सिंह और खटीक समाज के मुखिया राकेश जौहरी आदि लोग मौजूद थे।

# स्टूडेंट्स विजन आर्ट एग्जिबिशन-2025 की तैयारी में उत्साहपूर्वक जुटे



मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बुस.)। श्री राम कॉलेज की फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के विद्यार्थी आगामी विजन आर्ट एग्जिबिशन 2025 की तैयारियों में पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ लगे हुए हैं। यह प्रदर्शनी छात्रों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और कला के प्रति उनके समर्पण को प्रदर्शित करेगी और साथ ही यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों की कला प्रतिभा, सृजनशीलता और नवीन दृष्टिकोण को समाज के सामने प्रस्तुत करने का एक सशक्त मंच बनेगी। इस प्रदर्शनी में छात्र विभिन्न कला रूपों -चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक आर्ट और प्रिंटमेकिंग, पोस्टर व लेआउट डिजाइन, फैशन व एप्लाइड आर्ट और इंस्टॉलेशन आर्ट जैसी विभिन्न विधाओं में अपने कार्य प्रस्तुत करेंगे। आयोजन का उद्देश्य न केवल कला-प्रतिभा को मंच प्रदान करना है, बल्कि समाज में रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को भी बढ़ावा देना है। इस अवसर पर डॉ. मनोज धीमान, निदेशक ऑफ फाइन आर्ट्स का मानना है कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित होगी, जहाँ वे अपनी कला को निखारने के साथ-साथ दर्शकों से संवाद भी स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन की मुख्य विशेषताएँ-छात्रों द्वारा तैयार की गई मौलिक कलाकृतियों का प्रदर्शन, समकालीन कला और परंपरागत शैली का संगम, कला समीक्षकों और विशेषज्ञों के साथ संवाद, विजिटर्स के लिए खुला मंच- विजन आर्ट एग्जिबिशन विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा अवसर है, जहाँ वे अपनी मेहनत और कल्पना को मूर्त रूप देते हुए समाज के सामने प्रस्तुत कर सकेंगे। फैकल्टी सदस्यों ने कहा प्रदर्शनी की तिथि शीघ्र ही घोषित की जायेंगी।

# धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव



मीरापुर, 21 अगस्त (बु.)। मीरापुर कस्बे में भगवान श्रीकृष्ण की छठी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मीरापुर के श्री सत्संग भवन में भगवान श्रीकृष्ण की छठी बड़े उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम मंदिर में श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना की, जिसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्णा के भजनों को गाकर भगवान का गुणगान किया। इसके बाद सत्संग भवन में कढ़ी-चावल व हलवे के प्रसाद के भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से पंकज गोयल, सतीश तरीका, अमित मित्तल, विशाल तायल, अभिषेक गर्ग, अंकित अग्रवाल, उदित कंसल, अनिरुद्ध गोयल, पं. अनिल शास्त्री, उदित गोयल, सौरभ अग्रवाल, शरद गर्ग, मोहित गर्ग, सीमा अग्रवाल, नीलम तायल, नीतू अग्रवाल, अदिति अग्रवाल आदि मौजूद रहे। दूसरी तरफ विश्व विख्यात श्री शीतला माता मंदिर बबरे वाली परिसर में श्री कृष्ण भगवान की छठी के अवसर पर श्री लड्डू गोपाल जी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान अनिरुद्ध शारदा, मास्टर चन्द्रपाल सिंह, नितिन शर्मा, नवनीत शारदा आदि मौजूद रहे। कस्बे में श्री रामलीला भवन के समीप स्थित श्री शिव-हनुमान मंदिर, शिव सैनी मंदिर, बाला जी मंदिर समेत सभी मंदिरों में श्री कृष्ण छठी के अवसर पर कढ़ी-चावल, हलवा व खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

## रेखा गुप्ता के लिए होगी जेड श्रेणी की सुरक्षा



**नयी दिल्ली 21 अगस्त (वार्ता)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गयी है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर की गयी समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया। प्रोटोकॉल के तहत दो महिला निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) हर समय मुख्यमंत्री के साथ रहेंगी, जिनके साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान तैनात रहेंगे। श्रीमती गुप्ता पर बुधवार को जन सुनवाई के दौरान हमला करने वाले आरोपी खिमजीभाई को कल रात राजधानी की स्थानीय तीस हज़ारी अदालत ने पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस की इस दलील के बाद कि पूरी साज़िश का पर्दाफ़ाश करना ज़रूरी है, अदालत ने आरोपी से पूछताछ के लिए हिरासत की अनुमति दी। सूत्रों के अनुसार जांच से पता चला है कि मुख्यमंत्री पर हमला पूर्वनियोजित था। मुख्यमंत्री पर दस्तावेज़ों से हमला करने की शुरुआती रिपोर्टों के विपरीत, पुलिस सूत्रों ने खुलासा किया कि हमला कहीं ज़्यादा गंभीर था। मुख्यमंत्री आवास पर 'जन सुनवाई' के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर उन्हें थप्पड़ मारा और उनके बाल खींचे, इससे पहले कि उनकी सुरक्षा टीम हस्तक्षेप करके हमलावर को काबू में कर पाती। जांच से पता चला है कि आरोपी लगातार एक अज्ञात व्यक्ति के साथ फोन पर संपर्क में था। दिल्ली पुलिस अब इन संवादों का पता लगाने के लिए उसके पिछले एक साल के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच करेगी। उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है और उसे व्यापक फोरेंसिक विश्लेषण के लिए केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) भेजा जाएगा।

## फिजी के प्रधानमंत्री राबुका रविवार को तीन की यात्रा पर भारत आएंगे



**नयी दिल्ली 21 अगस्त (वार्ता)** फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका आगामी रविवार को भारत की तीन दिन की यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि उनके साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी आएंगी। फिजी के प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। श्री राबुका की प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली भारत यात्रा होगी। वह 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी गणमान्य अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। श्री राबुका का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री राबुका द्वारा का भारतीय विश्व मामलों की परिषद में 'शांति का महासागर' विषय पर व्याख्यान देने का भी कार्यक्रम है। फ़िजी के प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूत करने तथा लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को और गहरा करने के लिए दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

## हैदराबाद में एक ही परिवार के पाँच सदस्य मृत मिले

**हैदराबाद, 21 अगस्त (वार्ता )** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के मियापुर इलाके में गुरुवा को एक चौंकाने वाली घटना में एक ही परिवार के पाँच सदस्य संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। मृतकों की पहचान लक्ष्मैया (60), वेंकटम्मा (55), अनिल (32), कविता (24) और एक दो साल के बच्चे के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है, हालाँकि सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा, "मामला दर्ज कर लिया गया है और जाँच जारी है।" स्थानीय लोगों के अनुसार, ये सभी कर्नाटक के गुलबर्गा जिले के सेदम मंडल के रंजोली के रहने वाले थे।

## आगरा में ताजमहल के पास पहुंची यमुना

**आगरा 21 अगस्त (वार्ता)** आगरा में यमुना के बढ़ते जल स्तर के बीच बाढ़ का पानी ताजमहल के नजदीक पहुंचने लगा है जो अगले एक दो दिन में ताजमहल की दीवार से पानी छू सकता है। आम दिनों में यमुना के पानी से ताजमहल की काफी दूरी रहती है लेकिन गोकुल बैराज और हथिनी कुंड से पानी छोड़े जाने की वजह से पानी ताजमहल को छूने की कोशिश कर रहा है। यमुना में पानी भले ही खतरनाक स्तर पर जा रहा हो लेकिन इससे ताजमहल को खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई है। जिला अधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने गुरुवार को बताया कि यमुना में पानी स्तर अपने खतरे के निशान के बिल्कुल करीब पहुंच गया है। 151.40 मीटर जल स्तर को खतरे का निशान माना जाता है लेकिन अभी 151.03 मीटर तक बह रहा है। अभी एक दो दिन यमुना का जल स्तर बढ़ेगा जिससे यमुना के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात भी होने की संभावना है।

## राजनाथ से मिले ग्रुप कैप्टन शुक्ला

नयी दिल्ली 21 अगस्त (वार्ता) अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिह से मुलाकात की और उनके साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव तथा उपलब्धियां साझा की। श्री सिह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला को बधाई दी और उनके सफल मिशन को भारत के अंतरिक्ष में मानव मिशन की यात्रा में मील का पत्थर बताया। रक्षा मंत्री ने अंतरिक्ष स्टेशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला द्वारा किये गये प्रयोगों की सफलता का उल्लेख करते हुए भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणादायक यात्रा युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

# किसान की नाले में डूबने से दर्दनाक मौत





**भोपा, 21 अगस्त (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव जिंदावाला में सुबह घूमने गया किसान लापता हो गया। काफी देर तक ढूंढने के बाद भी जब किसान वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने किसान की तलाश शुरू की, तो उसका शव नाले में तैरता मिला। अधेड़ किसान की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि पैर फिसलकर नाले में गिरने से डूबने की कारण किसान की मौत हुई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव जिंदावाला निवासी किसान महेंद्र सिंह 65 वर्ष गुरूवार सुबह घर से घूमने के लिए निकले थे। काफी देर तक घर ना लौटने के कारण चिंतित हुए परिजनों ने महेंद्र सिंह की तलाश शुरू की, लेकिन महेंद्र सिंह का कोई पता नहीं चल पाया, इसके बाद मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी गई, जिसके बाद भोपा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से महेंद्र सिंह की तलाश शुरू की। काफी देर की तलाश के बाद महेंद्र सिंह के सिर पर बंधी पगड़ी गांव के पास ही बह रहे नाले के पानी में तैरती नजर आई। जिसके बाद पुलिसकर्मी नाले में उतरे और नाले से किसान का शव बरामद कर लिया। जैसे ही अधेड़ किसान की नाले में डूबने से मौत की सूचना परिजनों को मिली, तो परिजनों में हा-हाकार मच गया इसके बाद मौके पर परिजन और ग्रामीणों की भारी भीड़ इक्ट्ठा हो गई। भोपा पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। किसान महेंद्र सिंह की मौत से पुत्र कुलदीप, पुत्रवधू सुमन, पौत्र मंजीत, मलकीत और संदीप का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि घूमने के दौरान महेंद्र सिंह पैर फिसलने से नाले में गिर गए और डूबने से उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर कार्रवाई शुरू की गई है।

# मोनू की मौत में शामिल एक और आरोपी लंगड़ा



**बुढ़ाना, 21 अगस्त (बु.)।** चार दिन पूर्व पब्लिक की पिटाई से घायल होने के अगले दिन ही इलाज के अभाव में घर पर ही मरे मोनू खटीक के मामले में अज्ञात लोगों सहित नामजद हुए 11 आरोपियों में से 04 आरोपी बृहस्पतिवार को बुढ़ाना पुलिस के हत्थे चढ़ गये, जिनमें से एक आरोपी को गोली लगी है जबकि 3 अन्य आरोपी पकड़ लिए गये हैं। इससे पहले एक आरोपी को भी गोली मारकर पकड़ लिया गया था। इस हिसाब से अब इस मामले में 1 अज्ञात समेत कुल 5 लोग पकड़े जा चुके हैं, जबकि 3 अज्ञात समेत 6 आरोपी फरार हैं। पुलिस सभी की तलाश कर रही है। कस्बे मे 4 दिन पूर्व कुछ लोगों ने एक युवक को चोर बताकर पीटा था। अगले दिन वह अपने घर पर अपने बिस्तर में मृत मिला था। इस मामले में हंगामा हुआ, तो पुलिस ने मृतक की पत्नि की तहरीर पर 7 नामजद व 4 अज्ञात लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर एक अज्ञात युवक जिसका नाम सादिक जांच में प्रकाश में आया, उसे गोली मारकर पकड़ लिया जबकि दूसरा आरोपी इरफान आज गोली मारकर पकड़ लिया गया। नवाब, सलमान व साकिब भी पकड़ लिए गये। कुल 5 आरोपी अब तक हत्थे चढ़े हैं, जबकि 6 आरोपी फरार हैं। चर्चा के मुताबिक इन आरोपियों में से कुछ लोगों की नामजदगी गलत है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। उधर रोजाना कोई ना कोई बाहरी नेता कस्बे में आकर अपनी राजनैतिक रोटियां सेंक रहा है। उधर बुढ़ाना पुलिस इस केस में किसी के दबाव में आकर किसी भी बेकसूर युवक को फंसाने के मूड़ में नहीं है।

**▸▸ अन्य तीन आरोपी भी पुलिस टीम के हत्थे चढ़े**

# राशन डीलर और दलाल के बीच मारपीट, कलेक्ट्रेट में हंगामा



मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)। कलेक्ट्रेट में उस समय माहौल अपशब्दों से गूंज उठा, जब दो व्यक्तियों के बीच अचानक विवाद बढ़ गया और मामला गाली-गलौच के बीच मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि राशन डीलर ने एक दलाल को धड़ाधड़ थप्पड़ जड़ दिये। इस घटना के कारण काफी देर तक कलक्ट्रेट परिसर में लोग रुक कर ड्रामा देखने लगे। दरअसल बृहस्पतिवार को रोज की तरह सब ठीक था, लेकिन दो लोगों के बीच विवाद हो गया। दो लोगों का विवाद जिला पूर्ति कार्यालय में जा धमका, दो व्यक्तियों में कहासुनी इतनी बड़ी की देखते ही देखते गहमा-गहमी के बीच एक व्यक्ति ने दूसरे के गाल पर थप्पड़ दे मारे। मौके पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही पीटने वाला व्यक्ति दूसरे को खींचता हुआ नगर पूर्ति कार्यालय के अंदर ले गया और वहां भी जमकर गाली-गलौच हुई। पीटने वाले व्यक्ति ने खुद को राशन डीलर बताया, जबकि पिटने वाले को पूर्ति विभाग का दलाल की उपाधि मिली। आरोप लगाया गया कि वह हर काम के लिए अवैध रूप से पैसे मांगता है। पीटने वाला इस दौरान बेबस दिखाई दिया और केवल अपनी बातों से अपना बचाव करता नजर आया। कुछ देर बाद पूर्ति विभाग का ही एक कर्मचारी बीच-बचाव करते हुए मारपीट करने वाले को बाहर ले गया। वहीं पिटने वाला व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर नौ दो ग्यारह हो गया। यह मारपीट की घटना अचानक होने के कारण कलक्ट्रेट परिसर में होने के कारण चर्चा का विषय बन रहा। खबर लिखे जाने तक मामले में दोनों पक्षों के बीच फैसला होना बताया गया।

# स्कूल से घर लौट रही छात्रा को घर में खींचा, विरोध पर भाइयों से मारपीट

**भोपा, 21 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र ककरौली के एक गांव में एक आरोपी ने दबंगता दिखाते हुए स्कूल से घर लौट रही छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देते हुए उसे अपने घर में खींच लिया। जब छात्रा ने शोर मचाया तो उसके चचेरे भाई मौके पर आ गए, जिसके बाद आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उन्हें भी धारदार हथियारों से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित छात्रा के पिता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने ककरोली थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि बीते बुधवार की दोपहर उसकी पुत्री मोरना स्थित स्कूल से वापस अपने घर लौट रही थी। पीड़ित ने बताया कि तभी उसके पड़ोस में ही रहने वाले मोहित ने छात्रा को अकेला देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी



और अपने घर में खींच ले गया। जब छात्रा ने शोर मचाया, तो उसका शोर सुनकर छात्रा के तीन चचेरे भाई मौके पर पहुंच गए और छात्रा को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। जब छात्रा के चचेरे भाइयों ने आरोपी की हरकत का विरोध किया, तो आरोपी ने अपने साथी शुभम और मोहित व मोनू को मौके पर बुला लिया और छात्रा के चचेरे भाईयों के साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडो और तबल आदि से मारपीट कर उन्हें भी घायल कर दिया। पीड़ितो का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर आ गए और किसी तरह घायलों को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया, जिसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने पर पीड़ित छात्रा के पिता ने ककरौली थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ककरौली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पकड़ा गया मां-पिता-भाई का कत्ल करने वाला सिद्धार्थ, मेट्रो स्टेशन पर करने लगा था खुदकुशी

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसी)।** दक्षिण दिल्ली के मैदान गढ़ी में माता-पिता और भाई की हत्या करने वाले आरोपी सिद्धार्थ को पुलिस ने शुक्रवार शाम को पकड़ लिया। आरोपी एम्स मेट्रो स्टेशन से नीचे कूदकर खुदकुशी करने का प्रयास कर रहा था, तभी पुलिस वहां तैनात गार्डों ने उसे पकड़ लिया। जब उसे खुदकुशी करने के कारण पूछा, तो उसने बताया कि उसने अपने मां-बाप और भाई की हत्या की है। इसके बाद उसे मैदान गढ़ी थाने ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। हत्यारोपी सिद्धार्थ (उम्र 22-23 वर्ष) ने अपने पिता प्रेम सिंह (48), मां रजनी (45) और भाई ऋतिक (24) की बेरहमी से हत्या की थी। लहूलुहान हालत में मिले तीनों शवों के गले पर धारदार चाकू से गला रेतने के निशान थे और चेहरा ईंट से कुचला गया था। पुलिस को दूसरी मंजिल और ग्राउंड फ्लोर से एक-एक चाकू मिला था। जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक अवसाद में है और उसका एम्स से इलाज चल रहा है। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि पुलिस को मकान संख्या 155, सतबारी खरक गांव से बुधवार शाम पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। कॉलर ने बताया कि यहां एक लड़के ने अपना हाथ काट लिया है। घर में बहुत सारा खून पड़ा है और उसे मदद चाहिए। सूचना पर मैदान गढ़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो घर में प्रवेश करने पर दो लोगों के लहूलुहान शव ग्राउंड फ्लोर पड़े थे। पहली मंजिल पर रजनी नाम की महिला का शव मिला, जिसका मुंह कपडे.से बांधा था। स्थानीय लोगों का दावा है कि सिद्धार्थ नशे का भी आदी है और इसको लेकर वह आए दिन परिवार के लोगों से झगड़ा करता रहता था। वह दोस्तों के साथ नशा करता था। वह काफी सिगरेट पीता था। इसके उलट पुलिस का कहना है कि सिद्धार्थ मानसिक रूप से बीमार है और उसका मानसिक इलाज चल रहा है।

# जानसठ बाईपास पर हादसा, कई लोगों की जान जाते-जाते बची



**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** जिले के जानसठ हाइवे पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब तेजी से गलत दिशा से आते हुए एक राखी से भरे अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉले ने स्कूटी के साथ डिवाइडर में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर से डिवाइडर टूट कर नीचे गिर गया और स्कूटी चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों के द्वारा निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया और ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉला हाईवे पर ही छोड़कर फरार हो गया। गनीमत यह रही उस वक्त कोई बस गाड़ी या ट्रक हाईवे से नहीं गुजर रहा था, नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था और कई लोगों की जान भी जा सकती थी। थाना नई मंडी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले ट्रैफिक को दूसरी साइड से निकलवाना शुरू किया, ताकि जाम की स्थिति पैदा ना हो। उसके बाद पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉले को सीधा करवाया। पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए मौके पर मौजूद दो ट्रैक्टर-ट्रॉले को तुरंत सीज कर दिया और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी। घटनास्थल पर सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, हैड कांस्टेबल पवन, गौरव अत्री और थाना नई मंडी पुलिस के अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई चौक के निकट 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** गुरूवार को थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अहिल्याबाई चौक के निकट एक दुकान की टीनशेड के नीचे 40 वर्षीय प्रभात कुमार पुत्र धनप्रकाश निवासी ब्रह्मपुरी का शव पड़ा मिला। जिन लोगों ने शव को पड़े देखा तो उन्होंने समझा कि कोई व्यक्ति शराब के नशे में पड़ा है, लेकिन घंटों तक भी कोई हलचल न होने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर साकेत चौकी से उपनिरीक्षक रेशम पाल पहुंचे और उन्होंने मृतक प्रभात के परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पर प्रभात का साला प्रदीप निवासी रैदासपुरी मौके पर पहुंचा, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उपनिरीक्षक रेशम पाल ने बताया कि प्रभात शराब पीने का आदी था और शराब पीकर कहीं भी सो जाता था। प्रभात की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो जाएगा।

## ट्रेन से कटकर पचास वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहेड़ी के रहने वाले रवीन्द्र पुत्र घसीटा (50) नियत रूप से सुबह के समय घूमने के लिए जाते हैं। बताया जाता है कि गुरुवार को भी वह लगभग 5:30 बजे घर से घूमने के लिए निकले थे तो बामनहेड़ी में सुबह लगभग 6 बजे जैसे ही वह वह ट्रैक पार कर रहे थे, तो सहारनपुर से मुजफ्फरनगर की ओर आने वाली ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर नगर कोतवाली क्षेत्र की रोहाना चौकी से पुलिसकर्मी पहुंचे और शव की पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने बिना किसी कार्रवाई के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## बसपा प्रमुख मायावती को "मम्मी" कहकर वीडियो बनाना यू ट्यूबर पुनीत को पड़ गया भारी, केस दर्ज



**गाजियाबाद, 21 अगस्त (एजेंसी)।** बीएसपी प्रमुख मायावती को मम्मी कहने पर यूट्यूबर पुनीत सुपरस्टार के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। बसपा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने इस मामले में शिकायत दी, जिसके आधार पर थाना शालीमार गार्डन में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामला तूल पकड़ने के बाद पुनीत सुपरस्टार ने वीडियो डालकर माफी मांगी है। उन्होंने कहा, "नमस्कार दोस्तों, कल रात मैंने एक वीडियो बनाया था, जो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती जी के ऊपर था। मेरा मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाने का नहीं था। अगर किसी की भावना को ठेस पहुंची है, तो मैं हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। भविष्य में दोबारा कभी ऐसी गलती नहीं होगी। जय श्री राम।"

पुनीत सुपरस्टार एक भारतीय यूट्यूबर, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कॉमेडियन हैं। वे अपने अनोखे, हास्यपूर्ण और अक्सर विवादास्पद वीडियोज के लिए मशहूर हैं। उनके वीडियो में अजीबो-गरीब हरकतें जैसे गंदे पानी में नहाना, टूथपेस्ट चेहरे पर लगाना या अजीब चीजें खाना शामिल हैं, जिसके कारण उन्हें "लॉर्ड पुनीत" या "मीम बॉय" कहा जाता है। सोशल मीडिया पर उनके लाखों फॉलोअर्स हैं। 2023 में उन्होंने बिग बॉस ओटीटी 2 में भी हिस्सा लिया था, लेकिन विवादित हरकतों की वजह से उन्हें शो से बाहर जाना पड़ा था।

## 23 सितंबर तक पाकिस्तान के एयरस्पेस से नहीं उड़ सकेंगे भारतीय विमान, बढ़ाई पाबंदी

**इस्लामाबाद, 21 अगस्त (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध 23 सितंबर तक बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध अप्रैल में ऑपरेशन सिंदूर के बाद लगाया गया था। पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर से मिले घावों को भूला नहीं है और अपनी इगो को जस्टिफाई करने के लिए हर वो काम कर रहा है, जो उसके बस में है। भारतीय सेना का मुकाबला करना यूं तो पाक के बस कि नहीं, इसलिए पाकिस्तान प्रशासन ने बुधवार को भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश की पाबंदी 23 सितंबर तक बढ़ा दी है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने एक नया नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी कर पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध को एक महीने के लिए बढ़ाने का ऐलान किया है। प्राधिकरण ने कहा कि भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित सभी विमानों को पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। यह प्रतिबंध भारत के स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिये गए सैन्य और नागरिक विमानों पर भी लागू रहेगा।

# बीजेपी मंडल अध्यक्ष के घर दिनदहाड़े 26 लाख की लूट, लखनऊ में भाजपा नेत्री का गला दबाया



**लखनऊ, 21 अगस्त (एजेंसी)।** लखनऊ में बीजेपी मंडल अध्यक्ष के घर तीन बदमाशों ने दिन-दहाड़े लूटपाट की। मंडल अध्यक्ष का गला दबाकर मारपीट की। 25 लाख के गहने और 1.40 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। तीनों बदमाश सीसीटीवी में कैद हो गए। इसके आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है। घटना मंगलवार दोपहर में चिनहट थाना के सरायशेख देवराजी विहार कॉलोनी में हुई। चिनहट ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमलता सिंह उर्फ शीलू अपने पोते को स्कूल से लेने गई थीं। इस बीच बदमाश उनके घर में घुस गए। वह पहुंची तो घर का दरवाजा खुला था। अंदर पहुंचते ही बदमाश उनका गला दबाकर गहने और नकदी लेकर फरार हो गए।

प्रेमलता सिंह सरायशेख देवराजी विहार कॉलोनी में अपने बेटे-बहू और दो पौत्र के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर 12.15 बजे अपने पौत्र को चिनहट स्थित आरएलबी स्कूल लेने गई थीं। वहां से एक घंटे बाद लौटीं, तो घर के अंदर से किसी के होने की आहट महसूस हुई। उन्हें लगा कि किराएदार का बच्चा है। इस पर वह घर के मुख्य गेट के बाहर खड़ी हो गई। आवाज देकर पूछा- अंदर कौन है? इस पर एक बदमाश दरवाजा खोलकर बोला- काम करने आए हैं। प्रेमलता ने बताया कि घर के अंदर से अनजान व्यक्ति की आवाज आने पर मैं डर गई। गेट के पास खड़ी थी, तभी घर की चहारदीवारी कूदकर एक बदमाश बाहर आया। उसने मेरा गला दबा दिया, मैं बेहोश हो गई। थोड़ी देर बाद होश आया तो शोर मचाया। तब तक घर से करीब 50 मीटर दूर बाइक लेकर खड़े अपने साथी के साथ दोनों बदमाश फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई।

# टोल पर फौजी की पिटाई करने वाला 8वां आरोपी रवि गिरफ्तार, सात को पूर्व में भेजा जा चुका है जेल



**मेरठ, 21 अगस्त (एजेंसी)।** भूनी टोल पर फौजी कपिल की डंडे से पिटाई करने वाले आठवें आरोपित रवि को करनावल कट के समीप झाल से गिरफ्तार कर लिया। उससे पहले पुलिस सात आरोपितों को जेल भेज चुकी हैं। साथ ही धरम सिंह एंड कंपनी से एनएचएआई ने टोल को टेकओवर कर लिया। देर शाम एनएचएआई के बागपत डिवीजन से 15 कर्मचारियों की टीम टोल पर भेज दी गई। गुरूवार को टोल पर नकदी काउंटर भी शुरू कर दिया जाएगा। घटना के बाद से टोल के बुम उठे हुए हैं। सिर्फ सेंसर से फास्टैग लगे वाहनों से शुल्क कट रहा है।

साथ ही टोल पर तोड़फोड़ करने वाले आरोपितों की वीडियो भी पुलिस ने एकत्र कर ली है। टोल कंपनी की तरफ से तहरीर देने के बाद तोड़फोड़ करने वालों पर भी मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। श्रीनगर में राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) में तैनात गांव गोटका निवासी सिपाही कपिल छुट्टी समाप्त होने के बाद ड्यूटी पर लौट रहा था। रविवार रात उन्हें सेना मुख्यालय में रिपोर्ट करनी थी और दिल्ली एयरपोर्ट से सोमवार सुबह 5 बजे उनकी फ्लाइट थी। कार में उनके साथ पिता कृष्णपाल, ताऊ तिरसपाल, चचेरे भाई शिवम और सुधीर भी थे। शाम साढ़े सात बजे भूनी टोल प्लाजा पर कपिल की टोलकर्मियों से कहासुनी हुई। टोलकर्मियों ने साथियों से सैनिक को परिवार के सामने ही पीटा। टोल कर्मचारियों पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने सोमवार को टोल पर धावा बोल दिया। पुलिस के सामने ही जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने आरोपित नीरज तालियान, सचिन, विजय, अनुज, अंकित, सुरेश राणा व अंकित शर्मा को जेल भेज दिया। एसओ अजय शुक्ला ने बताया कि करनावल कट के समीप झाल से आठवें आरोपित रवि पुत्र सतीश निवासी करनावल को गिरफ्तार कर लिया। वीडियो में सामने आया था कि रवि ही फौजी कपिल की डंडे से पिटाई कर रहा था। पुलिस ने रवि को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। घटना के बाद से एनएचएआइ की तरफ से टोल संचालित करने वाली धर्मसिंह एंड कंपनी पर कड़ी कार्रवाई की गई। तोड़फोड़ के बाद से कंपनी का स्टाफ टोल छोड़कर चला गया था। बुधवार को एनएचएआइ की बागपत डिवीजन से 15 कर्मचारियों की टीम भेज दी गई। उन्होंने टोल को देर शाम टेकओवर कर लिया। टोल के कंट्रोल रूम और नकदी काउंटर को चलाने की कार्रवाई शुरू कर दी। गुरूवार से टोल पर बूम लगाकर नकदी वाले काउंटर शुरू कर दिए जाएंगे।

## ग्रेटर नोएडा कलेक्ट्रेट पर सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा 21 अगस्त (वार्ता)** उत्तर प्रदेश स्थित जिला गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारियों ने आरोप लगाया कि पीडीए समाज के वोटरों के नाम गैर संवैधानिक तरीके से वोटर लिस्ट से हटाया गया है। सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग की ओर से पीडीए के चिन्हित वोटरों को लिस्ट से हटाया गया है। प्रदर्शनकारियों ने एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी भी की। सपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग में शामिल अधिकारियों को पद से हटाये जाने की भी मांग की। पार्टी नेताओं ने सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।

# अफवाह फैलाकर ग्रामीणों को भ्रमित करने वाले पुलिस ने दबोचे



**मुजफ्फरनगर, 21 अगस्त (बु.)।** गांव नसीरपुर में कुछ लोग चोर होने की झूठी सूचना फैलाकर ग्रामीणों को भ्रमित कर रहे थे, कानून व्यवस्था न बिगड़े, इसको दृष्टिगत रखते हुए जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को लगी तो पुलिस ने गुरूवार की सुबह लगभग नसीरपुर में दबिश दी और 58 वर्षीय हसीन पुत्र मोहम्मद सगीर व उसके पुत्र सुहेल, शाहरुख व कसीम के साथ-साथ सचिन पुत्र जितेंद्र कुमार, मनीष पुत्र धर्मेंद्र, योगी उर्फ विवेक पुत्र हरिमल व कार्तिक पुत्र कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके खिलाफ बीएनएसएस की धारा-170 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया, हालांकि कोर्ट में पेशी के बाद सभी को जमानत मिल गई। सीओ मंडी राजू कुमार साव ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी तरह की अपुष्ट जानकारी या अफवाह पर ध्यान न दें। संदिग्ध सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। वहीं मारपीट के मामले में 2016 से वांछित चल रहे वारंटी ढोलू उर्फ मुशर्रत निवासी ग्राम मखियाली को नई मंडी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## सुप्रीम कोर्ट आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को सुनायेगा फैसला

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आवारा कुत्तों से लोगों को होने वाली परेशानियों से संबंधित मामले में शुक्रवार को अपना फैसला सुनायेगा। शीर्ष अदालत की ओर से जारी वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ इस स्वतः संज्ञान मामले में फैसला सुनायेगी। तीन सदस्यीय इस पीठ ने आवारा कुत्तों को पकड़ कर आश्रय गृहों में भेजने संबंधी शीर्ष अदालत के दो सदस्यीय पीठ के 11 अगस्त के आदेश पर रोक की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाएगी। अदालत ने 14 अगस्त को सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने दो सदस्यीय पीठ के 11 अगस्त के आदेश के मद्देनजर इस मामले की स्वतः संज्ञान सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की एक नई पीठ गठित की थी। तीन सदस्यीय पीठ ने 14 अगस्त को सुनवाई के दौरान दो सदस्यीम पीठ के आदेश की वैधता पर सवाल उठाने वाले सभी हस्तक्षेपकर्ताओं से हलफनामा दाखिल करने को कहा था।

# श्रम विभाग और एएचटीयू की टीम ने बाल श्रम मुक्त अभियान चलाकर आधा दर्जन प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की

**▸▸ श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत आधा दर्जन दुकानों पर की कार्यवाही**





**मीरापुर, 21 अगस्त (बु.)।** कस्बे में श्रम विभाग व एएचटीयू की टीम ने बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने करीब आधा दर्जन दुकानों पर नाबालिग बच्चों व किशोरों के काम करते मिलने पर प्रतिष्ठान के स्वामी को नोटिस दिए। श्रम विभाग की टीम की छापेमारी से कस्बे में हड़कम्प मच गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आदेश व सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह के निर्देशन में गुरूवार की दोपहर में श्रम प्रवर्तन अधिकारी मुज़फ़्फ़रनगर विंध्याचल शुक्ला के नेतृत्व में श्रम विभाग व एएचटीयू टीम मीरापुर पहुँची। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी विन्ध्याचल शुक्ला व एएचटीयू प्रभारी सर्वेश कुमार ने कस्बे में बाल श्रम मुक्त अभियान चलाते हुए कस्बे में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर स्थित अल-करीम चिकन कार्नर, ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स, दानिश हीरो होंडा सर्विस सेंटर, एसके ऑटो इंजीनियर समेत कई दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी विन्ध्याचल शुक्ला ने करीब आधा दर्जन दुकानदारों को अपने यहाँ बाल श्रमिक रखने पर एक सप्ताह के भीतर लिखित जवाब देने के लिए नोटिस दिए। श्रम परिवर्तन अधिकारी विन्ध्याचल शुक्ला ने बताया कि बाल श्रम मुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को काम पर रखने पर बीस हजार से पचास हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। वहीं 14 वर्ष से 18 वर्ष तक के किशोरों को काम पर रखने पर 10 हजार रुपये व एक माह के कारावास का प्रावधान है। श्रम विभाग की टीम की छापेमारी से कस्बे में हड़कम्प मच गया। कई लोगों ने अपने प्रतिष्ठान भी बंद कर दिए। इस दौरान श्रम परिवर्तन अधिकारी विन्ध्याचल शुक्ला, एएचटीयू प्रभारी सर्वेश कुमार, सब इंस्पेक्टर पदम सिंह व कांस्टेबल अमरजीत सिंह शामिल रहे।

## लखनऊ में पोस्ट ऑफिस में जीडीएस की आत्महत्या, अधिकारी की डांट से टूटा इक्कीस वर्षीय अंकित



**लखनऊ, 21 अगस्त (एजेंसी)।** लखनऊ के महानगर पोस्ट ऑफिस से गुरूवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। हरियाणा के रहने वाले 21 वर्षीय ग्रामीण डाक सेवक अंकित ने पोस्ट ऑफिस परिसर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि हाल ही में हुए निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की डांट और लगातार मानसिक दबाव से परेशान होकर अंकित ने यह कदम उठाया। अंकित मूल रूप से हरियाणा का निवासी था और कुछ समय पहले ही उसकी नियुक्ति लखनऊ के महानगर पोस्ट ऑफिस में हुई थी। परिजनों का कहना है कि अंकित बेहद मेहनती और संवेदनशील स्वभाव का युवक था। नौकरी में नए होने के कारण वह पहले ही काम के बोझ और अपेक्षाओं को लेकर तनाव में था। आपको बता दें कि बीते दिनों मुख्य निरीक्षक दिलीप पांडेय और प्रवर अधीक्षक डाकघर लखनऊ सचिन चौबे ने महानगर पोस्ट ऑफिस का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान कार्य में कुछ कमियों को लेकर अंकित को वरिष्ठ अधिकारियों से डांट खानी पड़ी। सहकर्मियों के मुताबिक, डांट पड़ने के बाद अंकित काफी उदास रहने लगा था और उसने कई बार यह बात जताई थी कि वह मानसिक रूप से दबाव में है। जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह पोस्ट ऑफिस खुलने से पहले ही अंकित ने परिसर के एक हिस्से में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। जब सहकर्मी पहुंचे, तो उसे लटका देख अफरा-तफरी मच गई। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची महानगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।